PLANET NEWS INDIA

Follow us on:/

निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)

01



# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

वर्ष : 01 | अंक : 01 | अलीगढ़, सोमवार 20 जुलाई 2026 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 1/-रुपया | www.planetnewsindia.com

## मौसम की मार: असम से जम्मू-कश्मीर तक हाहाकार, देश भर में 43 से ज्यादा मौतें, क्या है आपके शहर का हाल?

देश के बड़े हिस्से में मानसून आफत बनकर बरसा है, जहां बादल फटने, बाढ़ और भूस्खलन से 43 से अधिक लोगों ने जान गंवाई है। जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ और वैष्णो देवी यात्रा रोक दी गई है, जबकि असम में 57 हजार से अधिक लोग सेना और वायुसेना की मदद के भरोसे सुरक्षित स्थानों की तलाश में हैं। देश के उत्तरी, पूर्वी और पूर्वोत्तर हिस्सों में मानसून के रौद्र रूप ने भारी तबाही मचाई है। मूसलाधार बारिश, अचानक आई बाढ़ और भीषण भूस्खलन के कारण अलग-अलग राज्यों में कम से कम 43 लोगों की मौत हो चुकी है। असम से लेकर जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड तक हालात बेहद संवेदनशील बने हुए हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले एक हफ्ते तक मानसून की यह आक्रामक स्थिति बरकरार रहने वाली है।

**पहाड़ों में बादल फटने और भूस्खलन से लोग परेशान**

उत्तर और पूर्वी भारत में कुदरत का सबसे खतरनाक रूप देखने को मिला है। अकेले इन क्षेत्रों में हादसों के कारण 22 लोगों की मौत दर्ज की गई है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ और राजौरी जिलों में शनिवार रात बादल फटने से आई भीषण बाढ़ ने भारी तबाही मचाई। मलबे और उफनते नालों के कारण कई रास्ते बंद हो गए हैं, जिससे सड़कें पूरी तरह ठप हैं।

**वैष्णो देवी व शिवखोड़ी यात्राएं भी टलीं**

भारी बारिश व खराब मौसम के चलते श्रीअमरनाथ यात्रा के बाद माता वैष्णो देवी व शिवखोड़ी की यात्राएं भी अगले आदेश तक स्थगित कर दी गई हैं। प्रशासन ने पहलगाम और बालटाल मार्गों से होने वाली अमरनाथ यात्रा अस्थायी रूप से रोक दी है।

**असम में बाढ़ से हाहाकार**

असम में बाढ़ की स्थिति हर घंटे बिगड़ती जा रही है। राज्य के सात प्रमुख जिलों में इस समय 57,000 से अधिक लोग बाढ़ के पानी के बीच घिरे हुए हैं। शिवसागर जिले में एक और व्यक्ति की मौत होने के साथ ही इस साल राज्य में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। हालात इतने गंभीर हैं कि प्रशासन को सेना और वायुसेना को स्टैंडबाय पर रखना पड़ा है। चराइदेव जिला 24,000 प्रभावित लोगों के साथ सबसे बुरी स्थिति में है, जबकि धेमाजी में 22,000 लोग बेहाल हैं। कुल 298 गांव पानी में डूबे हैं और बुरिदिहिंग नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।



**देशभर में मौसम की मार से जुड़ी बड़ी बातें**

बादल फटने से मौतें: जम्मू-कश्मीर के पुंछ और राजौरी में बादल फटने के कारण 12 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 8 लोग अब भी लापता हैं।

वाहन बहे: राजौरी की सुखतो नदी में आई अचानक बाढ़ में न्यू बस अड्डे के पास खड़े दर्जनों वाहन ताश के पत्तों की तरह बह गए।

यात्राएं स्थगित: खराब मौसम के चलते अमरनाथ यात्रा के बाद अब माता वैष्णो देवी और शिवखोड़ी की यात्राएं भी अगले आदेश तक रोक दी गई हैं।

उत्तराखंड में अलर्ट: हरिद्वार में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हुई है। राज्य के देहरादून और ऋषिकेश सहित 10 जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

सड़कें बंद: उत्तराखंड में बारिश और भूस्खलन के कारण दो राष्ट्रीय राजमार्गों समेत 84 सड़कें पूरी तरह बंद हैं।

दिल्ली-एनसीआर को राहत: दिल्ली और आसपास के इलाकों में भीषण उमस के बाद आज मध्यम बारिश का अनुमान है, जिससे तापमान में गिरावट आ सकती है।

**नगालैंड में बुनियादी ढांचों को भारी नुकसान**

पूर्वोत्तर राज्य नगालैंड के माने में अचानक आई बाढ़ में कई घर बह गए और कई लोग मलबे के नीचे दब गए। हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है। मोन शहर में भारी बारिश के बाद बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है और भूस्खलन के कारण मुख्य रास्ते बंद हो गए हैं। नगालैंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, निचले इलाकों में जलभराव हो गया है व पहाड़ी ढलानों पर भूस्खलन से यातायात ठप है। आशंका जताई गई है कि मलबे में दबे लोगों के कारण मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

## CJP Protest Jantar Mantar: संसद मार्च पर ये क्या बोल गए सोनम वांगचुक, पुलिस तैयार!



दिल्ली में प्रस्तावित सीजेपी संसद मार्च से पहले सुरक्षा व्यवस्था अभूतपूर्व स्तर पर पहुंचा दी गई है। पूरी नई दिल्ली में बीएनएसएस की धारा 163 लागू कर दी गई है। पुलिस को आशंका है कि प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री आवास, इंडिया गेट और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों की ओर बढ़ सकते हैं। इसी को देखते हुए नई दिल्ली को 15 जोन में बांटकर 22 डीसीपी, 8 ज्वाइंट और एडिशनल सीपी, 40 अर्द्धसैनिक बलों की कंपनियों और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को तैनात किया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि उसका उद्देश्य टकराव नहीं बल्कि कानून व्यवस्था बनाए रखना है। उधर सफदरजंग अस्पताल से जारी संदेश में सोनम वांगचुक ने कहा कि वह 20 जुलाई को अपना अनशन तभी समाप्त करेंगे जब सरकार शिक्षा व्यवस्था की विफलताओं की जिम्मेदारी स्वीकार करे, या सीजेपी नेतृत्व संसद तक पहुंचकर सांसदों से मुद्दा उठाने का आश्वासन प्राप्त करे, अथवा स्वास्थ्य कारणों से सांसद अस्पताल आकर यही भरोसा दें।

## Maharashtra: वर्धा में भीषण सड़क हादसा, कार और ट्रक की टक्कर में पांच लोगों की मौत; एक गंभीर रूप से घायल

महाराष्ट्र के वर्धा में समृद्धि एक्सप्रेस-वे पर एक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा एक ट्रक के कार को पीछे से टक्कर मारने के कारण हुआ। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। महाराष्ट्र के वर्धा जिले से एक दुखद घटना सामने आई है, जहां समृद्धि एक्सप्रेस-वे पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ। मामले में एक तेज रफ्तार ट्रक और कार के बीच हुई भीषण टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन तुरंत मौके पर पहुंचा और राहत कार्य शुरू किया। पुलिस ने इस घटना की जानकारी देते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। वर्धा पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना पुलगांव पुलिस स्टेशन के तहत विरुल इंटरचेंज के पास हुई।

**ट्रक ने कार को पीछे से मारी टक्कर**

यह हादसा तब हुआ जब एक आयशर (Eicher) ट्रक ने कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार सवार ड्राइवर सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में आयशर ट्रक के ड्राइवर ने भी दम तोड़ दिया। जबकि ट्रक का क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।



**पुलिस की कार्रवाई**

हादसे की सूचना मिलते ही हाईवे पुलिस और पुलगांव पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने राहत और बचाव कार्य शुरू किया। इसके साथ ही एक्सप्रेस-वे पर यातायात को फिर से सामान्य करने के प्रयास किए गए। पुलिस ने सभी मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए पुलगांव ग्रामीण अस्पताल भेज दिया है।

## सावधान: पांच एंटीबायोटिक और एंटीफंगल दवाओं से लिवर-किडनी को खतरा, CDSCO ने जारी की चेतावनी

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने 5 आम एंटीबायोटिक और एंटीफंगल दवाओं (जैसे टेट्रासाइक्लिन और मेट्रोनिडाजोल) को लेकर एक गंभीर चेतावनी जारी की है। इन दवाओं के इस्तेमाल से मरीजों के लिवर और किडनी प्रभावित होने के साथ-साथ त्वचा पर गंभीर चकत्ते और फफोले (ड्रेस सिंड्रोम) जैसे साइड इफेक्ट्स देखे गए हैं। सीडीएससीओ ने दवा कंपनियों को पैकेट पर ये चेतावनियां लिखना अनिवार्य कर दिया है। हालांकि, संस्था ने साफ किया है कि दवाएं असुरक्षित नहीं हैं, लेकिन मरीजों को बिना डॉक्टर की सलाह के इनका सेवन करने या अचानक बंद करने से बचना चाहिए। एंटीबायोटिक और एंटीफंगल की पांच दवाओं के गंभीर दुष्प्रभाव सामने आए हैं। इनमें कुछ दवाओं से मरीजों में लीवर और किडनी जैसे अहम अंग प्रभावित होने का खतरा है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने इन पांचों दवाइयों को लेकर नई चेतावनी जारी की है। संगठन ने दवा कंपनियों को पांचों दवाओं के साथ इसके दुष्प्रभाव अंकित करने के निर्देश दिए हैं। इन दवाओं में चार संक्रमणरोधी यानी एंटीबायोटिक/एंटीप्रोटोजोअल और एक एंटीफंगल दवा शामिल है। सीडीएससीओ ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के औषधि नियंत्रकों से कहा है कि वे अपने यहां दवा बनाने वाली कंपनियों से इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराएं। इन दवाओं से त्वचा पर बार-बार चकत्ते, फफोले, तेज बुखार, चेहरे या शरीर में सूजन जैसे लक्षण दिखाई देंने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।




**इन दवाओं से चकत्ते, त्वचा रोग व जलन की समस्या**

गंभीर बैक्टीरियल संक्रमण में दिए जाने वाली वैनकॉमायसिन से मरीजों में ड्रेस सिंड्रोम बुखार, चकत्ते देखने को मिल रहे हैं। मुंहासे, श्वसन व अन्य संक्रमण रोगों में दी जाने वाली टेट्रासाइक्लिन दवा से त्वचा में प्रतिक्रिया की समस्या हो रही है। इसे लेने से मरीजों में बार-बार एक ही जगह चकत्ते और फफोले हो रहे हैं। यूटीआई, फेफड़ों व अन्य संक्रमण में दी जाने वाली कोट्रिमोक्साजोल से भी मरीजों में चकत्ते और फफोले देखे जा रहे हैं। पेट, आंत, दांत व अन्य संक्रमण की समस्या में आमतौर पर मरीजों को मेट्रोनिडाजोल और फंगल संक्रमण में ओरल इट्राकोनाजोल दी जाती है। इसके चलते भी मरीजों में चकत्ते, जलन, फफोले और लाल चकत्ते देखने को मिले हैं।

**बगैर डॉक्टर की सलाह न करें दवा का सेवन**

सीडीएससीओ ने कहा है कि ये दवाएं असुरक्षित नहीं हैं और न ही इनका इस्तेमाल बंद कर दिया गया है। बगैर चिकित्सकीय सलाह के दवा बंद या शुरू नहीं करनी चाहिए। उसके दिए निर्देशों का मकसद डॉक्टरों और मरीजों को संभावित गंभीर दुष्प्रभावों के बारे में पहले से सचेत करना है।

## RMPSU: अगस्त में अलीगढ़ आ सकते हैं पीएम मोदी, यूनिवर्सिटी लोकार्पण की तैयारी, आगमन से पहले तैयारी परखेंगे सीएम

ऐसी संभावना जताई जा रही है कि अगस्त में पीएम नरेंद्र मोदी अलीगढ़ आ सकते हैं। राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय (आरएमपीएसयू) का लोकार्पण प्रधानमंत्री के हाथों हो सकता है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री आरएमपीएसयू परिसर में जारी निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने आएंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अगले माह तक एक बार फिर अलीगढ़ आ सकते हैं। इसकी सुगबुगाहट प्रशासनिक खेमे में है। मुख्यमंत्री का आगमन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनपद आने की राह खोलेगा। दरअसल मुख्यमंत्री शहर में बने राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय (आरएमपीएसयू) का लोकार्पण प्रधानमंत्री के हाथों करवाना चाहते हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री आरएमपीएसयू परिसर में जारी निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने आएंगे। सब कुछ ठीक मिला तो प्रधानमंत्री का समय लेने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।



जनपद में 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले लोधा में राजा महेंद्र प्रताप सिंह के नाम पर राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना की गई थी। उस समय इस विश्वविद्यालय की आधारशिला रखने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आए थे। विश्वविद्यालय के पहले चरण का निर्माण पूरा और अध्ययन कार्य शुरू हो गया है। इसलिए विधानसभा चुनाव 2027 से पहले इसका लोकार्पण किया जाना है। यह लोकार्पण भी प्रधानमंत्री के हाथों कराए जाने की योजना है।

इसी के क्रम में 22 जून को मुख्यमंत्री यहां आए थे और विश्वविद्यालय परिसर का निरीक्षण किया था। उस समय उन्होंने शेष काम 15 जुलाई तक पूरा करने के निर्देश दिए थे। वर्तमान में विश्वविद्यालय में सिर्फ फसाड का काम बचा है। संकेत हैं कि यह काम इस माह के अंत तक पूरा कर लिए जाएगा। इधर, स्मार्ट सिटी के तहत शहर में तैयार हुए इंडोर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, क्वार्सी ओवरब्रिज व स्मार्ट सिटी के कुछ अन्य प्रोजक्ट भी लोकार्पण के लिए तैयार हैं।


## Aligarh News: कीमत बढ़ी, नहीं घटी चांदी की राखियों की चमक



रक्षाबंधन का त्योहार करीब आने के साथ शहर के बाजार रंग-बिरंगी राखियों से गुलजार हो उठे हैं। इस बार जहां चांदी की राखियों की कीमतों में बड़ा इजाफा हुआ है, वहीं पहली बार बाजार में उतरी भैया-भाभी सेट राखी ग्राहकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। पारंपरिक डिजाइनों के साथ ब्रेसलेट स्टाइल राखियों की भी खूब मांग देखने को मिल रही है। सराफा कारोबारी अमित सराफ ने बताया कि पिछले वर्ष पांच ग्राम की चांदी की राखी 600 से 700 रुपये में बिक रही थी, जबकि इस बार इसकी कीमत बढ़कर 1,100 से 1,200 रुपये हो गई है।बाजार में 700 रुपये से लेकर 7,000 रुपये तक की चांदी की राखियां उपलब्ध हैं। युवाओं में ब्रेसलेट स्टाइल राखियों की सबसे अधिक मांग है। व्यापारी संजय बंसल ने बताया कि इस वर्ष पहली बार भैया-भाभी सेट राखी बाजार में आई है, जिसे ग्राहक काफी पसंद कर रहे हैं। इसके अलावा बच्चों, युवाओं और पारंपरिक डिजाइनों की राखियों की भी अच्छी मांग है।

बाजार में पांच रुपये से लेकर 400 रुपये तक की आकर्षक राखियां उपलब्ध हैं। कारोबारियों को आने वाले दिनों में बिक्री और बढ़ने की उम्मीद है।

## Aligarh News: अभिभावकों का सवाल..14 साल की बेटी को ही वैक्सीन क्यों



स्वास्थ्य विभाग इन दिनों गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीका लगाने का अभियान छेड़े हुए है। जिले के इगलास व लोधा ब्लाक के कुछ गांवों में अभिभावकों द्वारा सवाल खड़ा किया गया कि यह टीका 14 वर्ष की उम्र में क्यों लगाया जा रहा है। इसके कहीं कोई दुष्परिणाम तो नहीं होंगे। स्वास्थ्य टीमें लगातार लोगों को समझाकर टीका लगवाने का प्रयास कर रही हैं। बता दें कि जिले में 44 हजार बेटियों टीका लगाया जाना है। यह अभियान देश भर में चलाया जा रहा है। इसके तहत 15वें वर्ष में पहुंच चुकी किशोरियों को दो टीके लगाए जाने हैं, इसलिए पहले 14वें वर्ष में पहुंच चुकी किशोरियों के ही टीके लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। अब तक जिले में 44 हजार में से सात हजार से अधिक बेटियों को टीका लगाया जा चुका है। इस दौरान जिले के इगलास और लोधा ब्लॉक में अपेक्षित सहयोग नहीं मिला है। बाकी ब्लाकों में अभियान की प्रगति संतोषजनक है। टीकाकरण के नोडल एसीएमओ डॉ. दिनेश खत्री बताते हैं कि अलीगढ़ प्रदेश में फिलहाल 35वें स्थान पर है। अभी अभियान की शुरुआत है। कुछ जगह अभिभावकों ने सवाल खड़े किए हैं। इस सप्ताह में अभियान तेज कर प्रदेश में प्रगति सुधारी जाएगी। लोगों को समझाया जा रहा है। इसके कोई साइड इफैक्ट नहीं हैं।

**ये है इस टीके का महत्व**

ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) के संक्रमण से गर्भाशय ग्रीवा कैंसर होता है और यह टीका किशोरियों को इस वायरस से बचाने में मदद करता है। यह टीका लंबे समय तक सुरक्षा प्रदान करता है। यह एक गंभीर और जानलेवा रोग है जो भारत में महिला मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है।

# Lucknow News: जवाहर भवन के चौथे तल पर लगी भीषण आग;

## दमकलकर्मी बुझाने में जुटे, ब्रजेश पाठक मौके पर पहुंचे



राजधानी में जवाहर भवन के चौथे तल पर भीषण आग लग गई। आग की लपटें और धुआं देख लोगों में अफरातफरी मच गई। फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने में जुटी है।राजधानी लखनऊ में सोमवार सुबह करीब 9:40 बजे जवाहर भवन के चौथे तल पर आग लग गई। आग की लपटें और धुआं देख लोगों में अफरातफरी मच गई। कर्मचारियों ने आग की सूचना अधिकारियों और फायर ब्रिगेड को दी। 10 बजे के करीब पहुंची फायर ब्रिगेड टीम आग पर काबू पाने में जुटी है।सूचना मिली तो डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इंदिरा भवन जवाहर भवन कर्मचारी संघ के पंकज मेहरोत्रा ने बताया कि जिस तल पर आग लगी है। इस पर कैंटीन, मलेरिया विभाग सहित कई अन्य कार्यालय हैं।

**लखनऊ:**

**Lucknow Jawahar Bhawan Fire:** यूपी की राजधानी लखनऊ से इस वक्त की एक बड़ी खबर सामने आई है. लखनऊ के जवाहर भवन में भीषण आग लगी है. जवाहर भवन में कई सरकारी विभागों के दफ्तर हैं. घटनास्थल से जो तस्वीरें, वीडियो सामने आए हैं, वो यह बताने को काफी है कि आग कितनी भीषण है. फिलहाल दमकल की कई गाड़ियां आग बुझाने में जुटी है. बताया जा रहा है कि जवाहर भवन की कैंटीन में आग लगी है.

# यूपी: प्रदेश के इन 33 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट,

## बाराबंकी में बना रिकॉर्ड; छत गिरने से पांच की मौत




यूपी में मानसून की लगातार सक्रियता जारी है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को 33 जिलों में भारी बारिश हो सकती है।यूपी में अच्छी बारिश का दौर अभी बना हुआ है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार को प्रदेश के 33 जिलों में गरज चमक के साथ अतिभारी बारिश और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 34 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।रविवार को पूर्वांचल, तराई और बुंदेलखंड के कई जिलों में जोरदार बारिश हुई। बाराबंकी में सर्वाधिक 118.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसके बाद बांदा में 85.6 मिमी, श्रावस्ती में 79.4 मिमी, हमीरपुर में 70 मिमी और रामपुर में 68.9 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। पश्चिमी यूपी के कई जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश हुई।क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगले तीन से चार दिनों तक प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। कुछ स्थानों पर तेज बारिश के साथ गरज-चमक और वज्रपात की भी स्थिति बन सकती है।

**यहां है अति भारी बारिश और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट गाजीपुर,** आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, कानपुर देहात, अयोध्या, अंबेडकरनगर, सहारनपुर, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मेनपुरी, इटावा, औरेया, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, जालौन व आसपास।

**छत गिरने से पांच की मौत**

मुजफ्फरनगर में बुढ़ाना के सीकरी गांव में रविवार रात बारिश के बीच कच्चे मकान की छत गिरने से पिता इस्लाम (58) और चार बच्चों रुखसार (10), अलसीबा (4), आहद (5) और एक साल के जीशान की मौत हो गई। दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे के वक्त परिवार साथ बैठकर खाना खा रहा था।



**दिन और रात के तापमान में महज डेढ़ डिग्री का रहा अंतर**

राजधानी में रविवार को दिनभर रिमझिम बारिश होती रही। घने बादलों के बीच सूरज पूरे दिन नजर नहीं आया। लगातार बारिश से मौसम खुशनुमा बना रहा। गर्मी और उमस से बड़ी राहत मिली। दिन और रात के तापमान में महज 1.6 डिग्री सेल्सियस का अंतर रहा। शाम तक शहर में 5 मिमी बारिश दर्ज की गई।

# UP: 30 सेकंड के लिए आई मौत,

## साथ ले गई पांच जिंदगियां, पहले दीवार, फिर ढह गई छत; दर्दनाक हादसे की पूरी कहानी




मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना में तेज बारिश और हवा के दौरान रविवार की रात एक कच्चे मकान की छत गिरने से सात लोग मलबे में दब गए। मौके पर पहुंचे लोगों काफी मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला। पिता इस्लाम और उनके चार बच्चों की मौत हो गई। दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए।मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना के हबीबपुर गांव में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। परिवार के मुखिया मजदूर इस्लाम कस्सार के घर 30 सेकेंड के लिए आई मौत ने ऐसा झपट्टा मारा कि हबीबपुर सीकरी गांव में चीख-पुकार मच गई। जिस घर में कुछ ही देर पहले तक बच्चे खाना खाने की तैयारी कर रहे थे, वहां पर मौत का मातम पसर गया। बस्ती में शोर मचा तो पहले ग्रामीण कुछ समझ नहीं पाए। करीब एक घंटे तक सिर्फ घायल होने की जानकारी ही दी जाती रही लेकिन देर रात परिवार के मुखिया और चार बच्चों की मौत से गांव में गम का माहौल बन गया।प्रधान प्रमोद कुमार ने बताया कि मजदूर परिवारों ने अपनी पिछली दीवार पक्की की हुई है, जबकि आगे का हिस्सा कच्चा है। रविवार रात बारिश के कारण ईंटों की दीवार गिरने के कारण ही छत गिरी और पूरा परिवार मलबे में दब गया। मोहल्ले के लोगों ने शोर सुना लेकिन एकाएक कुछ समझ नहीं आया। पड़ोसी बाहर निकले तो इस्लाम का मकान गिरा मिला। इसके बाद गांव में शोर मचा, जिसके बाद राहत के लिए लोग पहुंचे।

**अस्पताल पहुंचे राज्यमंत्री अग्रवाल**

हादसे की जानकारी मिलने के बाद कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल देर रात स्वामी कल्याण देव जिला चिकित्सालय पहुंचे। यहां पर हादसे में घायल दो बच्चों को भर्ती कराया गया है। अग्रवाल ने बताया कि परिवार को हरसंभव सहायता दी जाएगी। उन्होंने डॉक्टरों को बेहतर से बेहतर उपचार के निर्देश दिए हैं।



**ग्रामीणों ने यह बताया**

बारिश के दौरान उन्हें एकाएक जोर से कुछ गिरने की आवाज सुनाई दी। इसके बाद बस्ती में चीखने की आवाज आई। ग्रामीण मौके की तरफ भागे। राहत कार्य शुरू किया लेकिन करीब आधा घंटा मलबे में दबे परिवार तक पहुंचने में लग गया। ग्रामीण मुजस्सिर ने बताया कि सैकड़ों लोगों ने मलबा हटाने में मदद की है।



# UK: सरयू नदी में 7 साल का बच्चा बहा,

## विधायक सुरेश गढ़िया मौके पर पहुंचे; एनडीआरएफ-एसडीआरएफ तलाश में जुटा

बागेश्वर के कपकोट में सरयू नदी में सात साल का बच्चा राकेश शिवालय के पास से बह गया। पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और फायर सर्विस की टीमें उसकी तलाश में जुटी हैं, जबकि विधायक सुरेश गढ़िया भी मौके पर पहुंच गए हैं। बागेश्वर जिले के कपकोट में एक बच्चे के सरयू नदी में बहने की सूचना आ रही है। थाना अध्यक्ष के प्रताप सिंह नगरकोटी ने बताया कि करीब सात साल का बच्चा राकेश के नदी में बहने की सूचना है। बच्चा शिवालय के समीप से नदी में बह गया। पुलिस एनडीआरएफ एसडीआरएफ और फायर सर्विस की टीम खोजबीन में जुट गई है। फिलहाल विस्तृत जानकारी का इंतजार है।



# Rudraprayag: बारिश से जनजीवन प्रभावित,

## स्कूल बंद, केदारनाथ यात्रा जारी, अलर्ट मोड पर आपदा प्रबंधन टीमें



मौसम विभाग की ओर से दी गई चेतावनी के बाद सभी आपदा प्रबंधन टीमें अलर्ट मोड पर हैं। रुद्रप्रयागम में स्कूल बंद हैं। हालांकि केदारनाथ यात्रा जारी है।मौसम विभाग के अलर्ट के बीच सोमवार को जिले में बारिश का दौर जारी है। एहतियात के तौर पर जिले के सभी स्कूल बंद हैं। सावन के पहले सोमवार पर जिले के शिवालयों में भी सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। उधर, लगातार बारिश के बावजूद केदारनाथ यात्रा सुचारू रूप से संचालित होती रही और रविवार को 1,097 श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए।जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन रजवार ने बताया कि जिले में सभी आपदा प्रबंधन टीमें अलर्ट मोड पर हैं। जिला और ब्लॉक स्तर पर आपातकालीन कंट्रोल रूम को 24 घंटे सक्रिय रखा गया है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है।उधर, जिले में बीते 24 घंटे में ऊखीमठ में 77 मिमी, जखोली में 53 मिमी और रुद्रप्रयाग में 22 मिमी वर्षा दर्ज की गई। हालांकि अलकनंदा, मंदाकिनी, गंगानगर और गौरीकुंड में नदियों का जलस्तर फिलहाल सामान्य बना हुआ है। अलकनंदा का जलस्तर 625 मीटर (चेतावनी स्तर 626 मीटर) और मंदाकिनी का 624.15 मीटर (चेतावनी स्तर 625 मीटर) दर्ज किया गया, जो चेतावनी स्तर से नीचे है।वहीं, चिरबासा के पास हटाया गया बोल्डर हटने के बाद केदारनाथ पैदल मार्ग पूरी तरह सुचारू है। घोड़ा-खच्चर और पालकी संचालन भी सामान्य रूप से जारी है। रविवार को 1,097 श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए, जबकि इस यात्रा सत्र में अब तक 14,09,668 श्रद्धालु धाम पहुंच चुके हैं।

# अस्पताल में नर्स के मर्डर की कहानी:

## जहरीली ड्रिप लगाकर प्रेमिका का कत्ल, खुद सुसाइड नोट लिख कपड़ों में छिपाया



मेरठ के एक अस्पताल में नर्स की हत्या का मामला सामने आया है। प्रेमी ने दोस्त की मदद से अस्पताल में जहरीली ड्रिप लगाकर नर्स की हत्या की थी। आरोपियों ने ड्रिप में इंजेक्शन से जहरीला पदार्थ मिलाया था। इसके बाद खुद सुसाइड नोट लिखकर नर्स के कपड़ों में छिपा दिया था। सीसीटीवी फुटेज में कमरे से बाहर आते दिखे आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।मेरठ के लोहियानगर थाना क्षेत्र के हापुड़ रोड स्थित एमसीसी हॉस्पिटल में नर्स नेहा रानी (26) की हत्या में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। नर्स की हत्या उसके ओटी टेक्नीशियन प्रेमी सुरेश ने अपने दोस्त फरहान की मदद से जहरीली ड्रिप लगाकर की थी। आरोपी का नर्स के साथ सात माह से प्रेम प्रसंग चल रहा था। नर्स उस पर शादी करने का दबाव बना रही थी। इससे परेशान होकर ही उसने इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया।

सुरेश पहले से शादीशुदा है। उसका पांच साल का बेटा भी है। शनिवार सुबह नर्स ने हॉस्पिटल आकर जब बीमार होने व शरीर में कमजोरी की बात कही तो सुरेश ने ड्रिप चढ़ाने की बात कही। इस दौरान ड्रिप में ही उसने जहरीला रासायनिक पदार्थ मिला दिया। साथ ही बेहोशी की हालत में नर्स को सल्फास भी खिला दिया था। इतना ही नहीं सुरेश ने खुद ही सुसाइड नोट लिखकर उसके कपड़ों में रख दिया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार लिया।सीओ कोतवाली संग्राम सिंह ने बताया कि खरखौदा के फफूंडा गांव निवासी नेहा की शादी लगभग ढाई वर्ष पूर्व ब्रह्मपुरी निवासी रवि से की थी। दोनों के एक वर्ष का बेटा है। पति की मौत के बाद से नर्स आठ माह से अस्पताल में काम कर रही थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात आरोपी से हुई थी।



दोनों के बीच प्रेम प्रसंग हो गया था। नर्स 15 दिन से आरोपी पर शादी का दबाव बना रही थी। दोनों के बीच शादी को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार दोपहर 2.35 बजे नर्स का शव अस्पताल के एक कमरे से बरामद हुआ था।

## गुयाना में बड़ा समुद्री हादसा: 133 लोगों से भरा सरकारी जहाज पलटा, लापता की तलाश के लिए क्या कर रही सरकार?




गुयाना के अटलांटिक तट पर 133 लोगों को लेकर जा रहा सरकारी जहाज एमवी बरीमा समुद्र में पलट गया। हादसे में अब तक 67 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि कई यात्री लापता हैं। उनकी तलाश के लिए हेलीकॉप्टर, विमान और नौकाओं की मदद से बड़े पैमाने पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, तेज ज्वार-भाटा और ऊंची लहरें हादसे की मुख्य वजह हो सकती हैं। दक्षिण अमेरिकी देश गुयाना के अटलांटिक तट पर रविवार को बड़ा समुद्री हादसा हो गया। 133 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को लेकर जा रहा सरकारी जहाज एमवी बरीमा समुद्र में पलट गया। अब तक 67 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि कई यात्री अब भी लापता हैं। उन्हें खोजने के लिए बड़े स्तर पर राहत और बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

**आधी रात को आया संकट**

एमवी बरीमा शनिवार दोपहर करीब तीन बजे राजधानी जॉर्जटाउन से पोर्ट कैतुमा के लिए रवाना हुआ था। यह जहाज वेनेजुएला सीमा के पास रहने वाले स्वदेशी समुदायों के लिए नियमित सेवा देता है। रात करीब 11 बजे जहाज से आपातकालीन संदेश मिला। इसके बाद सरकारी एजेंसियों और निजी नावों को तुरंत मौके पर भेजा गया। अधिकारियों के अनुसार, हादसा पोमेरून नदी के पास उत्तरी अटलांटिक तट पर हुआ, जहां तेज लहरों के बीच जहाज पलट गया।

**युद्धस्तर पर जारी है रेस्क्यू ऑपरेशन**

गुयाना के प्रधानमंत्री मार्क फिलिप्स खुद राहत और बचाव अभियान की निगरानी कर रहे हैं। अब तक 67 लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है। इनमें 41 पुरुष, 11 महिलाएं और 15 बच्चे शामिल हैं। लापता लोगों की तलाश के लिए करीब 1,000 वर्ग मील के समुद्री क्षेत्र में हेलीकॉप्टर, विमान, सरकारी नौकाएं और मछली पकड़ने वाली नावें लगातार खोज अभियान चला रही हैं।

- मुख्य बातें133 लोगों को लेकर जा रहा सरकारी जहाज समुद्र में पलटा।
- अब तक 67 लोगों को सुरक्षित बचाया गया।
- 15 बच्चे भी बचाए गए लोगों में शामिल।
- 1,000 वर्ग मील के क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन जारी।
- हेलीकॉप्टर, विमान और नौकाओं की मदद से तलाश।
- शुरुआती जांच में तेज ज्वार-भाटा और ऊंची लहरों को हादसे की वजह माना गया।

**सुरक्षा इंतजाम थे, फिर कैसे पलटा जहाज?**

शुरुआत में हादसे की वजह ओवरलोडिंग मानी जा रही थी, लेकिन सार्वजनिक कार्य मंत्री जुआन एडघिल ने इस संभावना से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि जहाज पर 250 लाइफ जैकेट, दो कठोर लाइफ राफ्ट और छह इन्फ्लेटेबल लाइफ राफ्ट मौजूद थे। बचाए गए यात्रियों के अनुसार, समुद्र में तेज ज्वार-भाटा और ऊंची लहरों के कारण जहाज का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गया। फिलहाल प्रशासन की पहली प्राथमिकता लापता लोगों का जल्द से जल्द पता लगाना है।

## Uday Ruddaraju: कौन हैं उदय रुद्दाराजू? जो बने OpenAI के नए CTO; जानें क्यों छोड़ दी एलन मस्क की xAI कंपनी




भारतीय मूल के टेक विशेषज्ञ उदय रुद्दाराजू को ओपनएआई ने 'चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर (सीटीओ), कंप्यूट' नियुक्त किया है। इससे पहले वे एलन मस्क की xAI में काम कर चुके हैं। अब वह कंपनी के बड़े कंप्यूटिंग प्रोजेक्ट्स संभालेंगे। भारतीय मूल के टेक अधिकारी उदय रुद्दाराजू को माइक्रोसॉफ्ट के निवेश वाली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनी ओपनएआई में 'चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर (सीटीओ), कंप्यूट' नियुक्त किया गया है। उदय ने लिंक्डइन पर इस नई जिम्मेदारी की जानकारी दी। वह पिछले साल जुलाई में ओपनएआई से जुड़े थे और कंपनी में उनका पहला साल बेहद शानदार रहा है।

**उदय रुद्दाराजू की शिक्षा और करियर**

उदय ने हैदराबाद के चैतन्य भारती इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से कंप्यूटर साइंस में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग (BE) की पढ़ाई की है। कॉलेज के दिनों में उन्होंने अमेजन वेब सर्विसेज (AWS) में इंटर्नशिप की थी। इसके बाद वह उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका चले गए, जहां उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ मिनेसोटा से कंप्यूटर साइंस में मास्टर डिग्री हासिल की। साल 2013 से 2018 तक उन्होंने ईबे (eBay) में काम किया और फिर रॉबिनहुड कंपनी से जुड़ गए। इसके बाद वह एक्सएआई और फिर ओपनएआई में आए।

**एलन मस्क की कंपनी xAI में भी कर चुके हैं काम**

उदय रुद्दाराजू पहले एलन मस्क की एआई कंपनी एक्सएआई (xAI) में काम करते थे। पिछले साल एआई क्षेत्र में प्रतिभाओं और संसाधनों को लेकर बड़ी कंपनियों के बीच मुकाबला काफी बढ़ गया था। इसी दौरान उदय एक्सएआई के उन मुख्य कर्मचारियों में शामिल थे, जिन्होंने कंपनी छोड़कर प्रतिद्वंद्वी ओपनएआई का हाथ थाम लिया था।

**क्या हैं भविष्य की योजनाएं?**

उदय ने बताया कि उनकी कंप्यूट टीम ने क्षमता बढ़ाने के लिए लगातार काम किया है। टीम ने कंप्यूट, नेटवर्क, स्टोरेज और मशीन लर्निंग (ML) के क्षेत्र में गहरे सिस्टम पर काम किया है। यह काम 'जीपीटी-5.6' जैसे नए और आधुनिक मॉडल को ट्रेन करने के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, चुनौतियां भी कठिन हो रही हैं। इसके लिए हर स्तर पर नए प्रयोग करने की जरूरत है।

**दुनिया का सबसे बड़ा कंप्यूट ढांचा बनाने का लक्ष्य**

उदय के अनुसार, ओपनएआई का लक्ष्य दुनिया का सबसे बड़ा कंप्यूट ढांचा तैयार करना है। इससे आधुनिक एआई तकनीक हर व्यक्ति और हर काम तक पहुंच सकेगी। आने वाले समय में कंपनी के पास एक बड़ा रोडमैप है। इसके तहत बड़े पैमाने पर डिस्ट्रीब्यूटेड सिस्टम, हार्डवेयर, मैन्युफैक्चरिंग और डेटा सेंटर बनाने का काम किया जाएगा। इसमें सिविल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से जुड़े काम शामिल हैं। कंपनी इस काम के लिए बेहतरीन लोगों को नौकरी पर रख रही है।

## खगोलीय घटना: मृत तारों की टक्कर में बना सोना, अरबों साल बाद पृथ्वी तक पहुंचा; क्या स्वर्ण सूर्य से भी पुराना?

**2017 में मिला सबसे मजबूत प्रत्यक्ष प्रमाण**

**इस सिद्धांत को वर्ष 2017 में बड़ी मजबूती मिली, जब वैज्ञानिकों ने पहली बार जीडब्ल्यू170817 नामक न्यूट्रॉन तारा विलय का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस घटना से निकली गुरुत्वाकर्षण तरंगों को लाइगो और विर्गो वेधशालाओं ने दर्ज किया, जबकि दुनिया भर की दूरबीनों ने इसके प्रकाशीय प्रभावों का अध्ययन किया। न्यूट्रॉन तारों की टक्कर के बाद होने वाले अत्यंत शक्तिशाली विस्फोट और उससे निकलने वाली तेज चमक को वैज्ञानिक भाषा में किलोनोवा कहा जाता है। वैज्ञानिक मॉडलिंग और स्पेक्ट्रोस्कोपिक विश्लेषण के आधार पर शोधकर्ताओं का अनुमान है कि इस एक घटना में लगभग 200 पृथ्वी के बराबर द्रव्यमान का सोना बना होगा। इसके साथ प्लैटिनम, यूरेनियम और अन्य भारी तत्वों का भी निर्माण हुआ।**

- खगोलीय घटनाओं के विद्वानों के मुताबिक सोने की उत्पत्ति मृत तारों की टक्कर के बाद हुई।
- न्यूट्रॉन तारों की टक्कर से हुई थी भारी तत्वों की उत्पत्ति।
- इसके ठोस प्रमाण करीब 10 साल पहले सामने आए थे।

शोध से जुड़े लोगों के मुताबिक 2017 में सबसे मजबूत प्रत्यक्ष प्रमाण मिला था।



सोने के परमाणु पृथ्वी पर नहीं बने थे। पृथ्वी पर मौजूद अधिकतर सोना सूर्य के जन्म से भी अरबों वर्ष पहले अंतरिक्ष में हुई अत्यंत शक्तिशाली खगोलीय घटनाओं के दौरान बना था। यह खोज ब्रह्मांड में भारी तत्वों की उत्पत्ति को समझने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

**बेहद दुर्लभ खगोलीय घटनाओं में गिनती**

टेरा डेली में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार पृथ्वी पर मिलने वाला सोना, प्लैटिनम और यूरेनियम जैसे भारी तत्व सामान्य तारों के भीतर बनने वाली नाभिकीय संलयन प्रक्रिया से उत्पन्न नहीं हो सकते। सामान्य तारे अपने जीवनकाल में केवल लोहे तक के तत्वों का निर्माण कर पाते हैं। इससे भारी तत्वों के निर्माण के लिए अत्यधिक ऊर्जा और न्यूट्रॉन-समृद्ध वातावरण की आवश्यकता होती है, जो केवल बेहद दुर्लभ खगोलीय घटनाओं में ही बनता है।

**न्यूट्रॉन तारों की टक्कर से हुई थी भारी तत्वों की उत्पत्ति**

वैज्ञानिकों के अनुसार जब बहुत बड़े तारे अपने जीवन के अंत में ध्वस्त होते हैं, तो उनके अवशेष न्यूट्रॉन तारे बन जाते हैं। कई बार ऐसे दो न्यूट्रॉन तारे करोड़ों वर्षों तक एक-दूसरे की परिक्रमा करने के बाद अंततः टकरा जाते हैं। इस भीषण टक्कर के दौरान अत्यधिक न्यूट्रॉन-समृद्ध वातावरण बनता है, जिसमें आर-प्रोसेस यानी रैपिड न्यूट्रॉन कैप्चर प्रक्रिया के माध्यम से सोना सहित कई भारी तत्वों का निर्माण होता है। यह पूरी प्रक्रिया एक सेकंड से भी कम समय में पूरी हो सकती है, लेकिन इसके परिणामस्वरूप भारी मात्रा में नए तत्व पैदा होते हैं।

## अमेरिकी हमलों से फिर दहला ईरान: ट्रंप बोले- मृत सैनिकों के सम्मान में की कार्रवाई, होर्मुज पर क्या किया दावा?



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिकी सेना ने तीन मृत सैनिकों के सम्मान में ईरान पर फिर हमला किया है। उन्होंने दावा किया कि इन हमलों से ईरान को भारी सैन्य नुकसान हुआ है और अब हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर अमेरिका का नियंत्रण है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिकी सेना ने ईरान पर फिर से हमला किया है। यह कार्रवाई उन तीन अमेरिकी सैनिकों के सम्मान में की गई है, जिनकी मौत होने की आशंका है। ट्रंप ने दावा किया कि इस हमले से ईरान को भारी सैन्य नुकसान हुआ है। अब होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। ट्रंप ने एयरफोर्स वन विमान से उतरने के बाद और मरीन वन हेलीकॉप्टर पर सवार होने से पहले व्हाइट हाउस के पत्रकारों से यह बात कही।

**ईरान को हुआ भारी नुकसान**

मृत सैनिकों के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा कि हमें बहुत बुरा लग रहा है। लेकिन वे महान देशभक्त थे और वे यह सुनिश्चित करने के लिए लड़ रहे थे कि ईरान के पास परमाणु हथियार न हों। ट्रंप ने दावा किया कि ईरान को बहुत बुरी तरह नुकसान पहुंचा है। सैन्य रूप से उसने लगभग सब कुछ खो दिया है। अब उसके पास बहुत कम चीजें बची हैं। उसके पास कुछ मिसाइलें, कुछ ड्रोन और थोड़ी-बहुत निर्माण क्षमता ही बची है।

**होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण का दावा**

ट्रंप ने जोर देकर कहा कि अब इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग पर अमेरिका का नियंत्रण है। इस मार्ग से दुनिया के तेल और लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) का एक बड़ा हिस्सा गुजरता है। ट्रंप ने कहा कि हम इस मार्ग को नियंत्रित करते हैं, वे कुछ भी नियंत्रित नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि हमने आज रात उन पर फिर से बहुत कड़ा हमला किया है। यह हमला तीन महान देशभक्तों के सम्मान में किया गया है। हालांकि, ट्रंप ने इन सैनिकों की पहचान या उनकी मौत की परिस्थितियों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

पत्रकारों ने ट्रंप से एयरफोर्स वन के रूप में इस्तेमाल होने वाले कतर के विमान और उसकी मिसाइल सुरक्षा प्रणाली के बारे में भी सवाल पूछा। इस पर ट्रंप ने कहा कि इस विमान में बहुत सारी क्षमताएं हैं। उन्होंने बताया कि लगभग एक महीने में इस विमान को पूरी तरह से तैयार (मैक्स आउट) करने के लिए भेजा जाएगा। इस काम में करीब एक महीने का समय लगेगा।

**कनाडा के जंगलों की आग पर चिंता**

ट्रंप ने बताया कि उन्होंने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से भी बात की है। उन्होंने कनाडा के जंगलों की आग से उठने वाले धुएं के अमेरिका में आने पर चिंता जताई। ट्रंप ने कहा कि मैंने उनसे कहा है कि आपको इस आग को रोकना होगा, क्योंकि इससे हमारी हवा जहरीली हो रही है। उन्होंने कहा कि मार्क कार्नी के साथ उनके अच्छे संबंध हैं, लेकिन इस आग को रोकना जरूरी है। अगर जरूरत पड़ी तो अमेरिका मदद करेगा। इसके साथ ही ट्रंप ने कहा, कनाडा को हमें नुकसान का भुगतान करना चाहिए या फिर हमें उन पर टैरिफ (शुल्क) लगाना चाहिए।

वहीं, जब उनसे पूछा गया कि क्या वर्ल्ड कप में जीत के बाद स्पेन के साथ उनके तनावपूर्ण संबंध हैं, तो ट्रंप ने जवाब दिया 'नहीं, मुझे कोई तनाव नहीं है। मेरा किसी के साथ कोई तनाव नहीं है।'

बता दें कि होर्मुज जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है। यह दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्ग है। यहां किसी भी सैन्य टकराव से जहाजों की आवाजाही प्रभावित हो सकती है। इससे वैश्विक स्तर पर ऊर्जा की कीमतें बढ़ सकती हैं, जिसका असर भारत समेत कई तेल आयात करने वाले देशों पर पड़ता है।

## क्या आईएसकेपी का इस्तेमाल कर रहा पाकिस्तान?: तालिबान और बलूचिस्तान से क्या है कनेक्शन; रिपोर्ट में बड़ा दावा




एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाकिस्तान आईएसकेपी का इस्तेमाल तालिबान और बलूच विद्रोहियों पर दबाव बनाने के लिए कर रहा है। क्या इससे पूरे क्षेत्र की सुरक्षा पर असर पड़ सकता है? पढ़िए रिपोर्ट-

पाकिस्तान कथित तौर पर इस्लामिक स्टेट-खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) को वैचारिक समर्थन की वजह से नहीं, बल्कि तालिबान और बलूच विद्रोहियों पर दबाव बनाने के एक साधन के रूप में संरक्षण दे रहा है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। 30 जून को आई रिपोर्ट्स में कहा गया था कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा पर गतिविधियां हुईं। इनका संबंध कथित तौर पर आईएसकेपी के छिपने के ठिकानों से था। रिपोर्ट के अनुसार, हाल के वर्षों में इस तरह की घटनाएं कई बार हो चुकी हैं। तंजानिया के अखबार 'सिटिजन' में प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान ने क्षेत्र में मौजूद दूसरे आतंकवादी समूहों का इस्तेमाल करके तालिबान का मुकाबला करने की योजना बनाई है।

मोरक्को की शोधकर्ता और पत्रकार फातिमा एल हाशिमी ने सिटिजन में लिखा, आज मौजूद साक्ष्य बताते हैं कि पाकिस्तान आईएसकेपी को संरक्षण देता हुआ दिखाई दे रहा है। यह वैचारिक समर्थन के कारण नहीं, बल्कि अफगान तालिबान और बलूच विद्रोहियों दोनों पर दबाव बनाने की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस घटनाक्रम पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि इसके वैश्विक असर हो सकते हैं।

**तालिबान से क्यों बिगड़े पाकिस्तान के रिश्ते?**

उन्होंने आगे लिखा, यह समझने के लिए कि पाकिस्तान की सेना आईएसकेपी को क्यों बढ़ावा दे रही है, यह जानना जरूरी है कि अगस्त 2021 के बाद से इस्लामाबाद और अफगान तालिबान के संबंध काफी खराब हो गए हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सेनाओं के बीच सीमा पर झड़पें पहले की तुलना में अधिक और ज्यादा गंभीर हो गई हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने केवल वर्ष 2025 में ही एक हजार से अधिक हमले किए। इन हमलों में खैबर पख्तूनख्वा में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों को काफी नुकसान उठाना पड़ा। इनमें चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) भी शामिल है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व के सामने अपने नागरिकों और परियोजनाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। इसके कारण पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर पर अच्छे परिणाम देने का भारी दबाव है।

**क्या सख्त नीति से और बढ़ा संकट?**

रिपोर्ट के मुताबिक, मुनीर ने इसके जवाब में खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में सख्त सरकारी नीति अपनाई। इससे पश्तून और बलूच लोगों में नाराजगी और बढ़ी तथा समस्या सुलझने के बजाय और गंभीर हो गई।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इन परिस्थितियों के बीच पाकिस्तान की सुरक्षा व्यवस्था ने पुराने तरीके अपनाने शुरू कर दिए हैं। इसमें राजनीतिक शिकायतों को नजरअंदाज करना और इस्लामिक स्टेट जैसे आतंकवादी संगठनों के साथ नए संबंध बनाकर संतुलन बनाने की कोशिश करना शामिल है।

रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 में संयुक्त राष्ट्र के एक मंच पर बलूच नेशनल मूवमेंट (बीएनएम) के अध्यक्ष नसीम बलूच ने कहा था कि बलूचिस्तान में आईएसआईएस के प्रशिक्षण शिविर पाकिस्तान की सेना की निगरानी में चलते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि यह दावा उन रिपोर्ट्स से मेल खाता है, जिनमें बताया गया था कि सेना समर्थक स्थानीय समूहों ने बलूचिस्तान के मस्तुंग और खुजदार में आईएसकेपी की सुविधाएं बनाईं। आरोप है कि इनका इस्तेमाल बलूच विरोध को दबाने और अफगानिस्तान में हमले करने के लिए किया जाता है।

**क्या आईएसकेपी के जरिये बनाया जा रहा दबाव?**

फातिमा एल हाशिमी ने अपनी रिपोर्ट में लिखा, खवर्ष 2025 में लश्कर-ए-तैयबा के नेताओं ने बलूचिस्तान में एक बैठक की। इसमें उन्होंने उन ताकतों के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष जारी रखने की बात कही, जिन्हें उन्होंने 'पाकिस्तान विरोधी' बताया।

इससे उनका मतलब बलूच राष्ट्रवादी और अफगान तालिबान के ऐसे गुटों से था, जो पाकिस्तान सरकार के दबाव या प्रभाव में नहीं आना चाहते थे। उन्होंने आगे लिखा, आईएसकेपी के नेता, प्रचार से जुड़े अधिकारी, विदेशी भर्ती करने वाले लोग और बाहरी सहयोगी लगातार पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा के आसपास दिखाई देते रहे हैं। यह केवल कानून लागू करने में विफलता नहीं लगता।

# अफगानिस्तान-भारत व्यापारिक संबंध मजबूत होंगे:

## वीजा की प्रक्रिया आसान करने पर जोर, प्रशासनिक बाधाओं पर भी मंथन



पाकिस्तान के साथ संघर्षरत अफगानिस्तान के शीर्ष व्यापारिक संगठन अफगानिस्तान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इन्वेस्टमेंट (एसीसीआई) ने भारत के साथ व्यापार व निवेश संबंधों को और मजबूत बनाने पर जोर दिया है। संगठन ने व्यापारिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने, प्रशासनिक बाधाओं को दूर करने व व्यापारिक वीजा जारी करने की प्रक्रिया को अधिक सुगम बनाने पर बल दिया है।एसीसीआई के चेयरमैन सैयद करीम हाशिमी और अफगानिस्तान में भारत के राजदूत यतिन पटेल के बीच इन मुद्दों पर काबुल में बैठक हुई। एसीसीआई के अनुसार, दोनों पक्षों ने रणनीतिक एवं कूटनीतिक संवाद के तहत व्यापार, निवेश व दीर्घकालिक आर्थिक सहयोग को बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में सैयद करीम हाशिमी ने कृषि उत्पादों, हस्तशिल्प, खनन और खनिज संसाधनों के क्षेत्र में आर्थिक सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अफगानिस्तान के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नए बाजारों तक पहुंच, लॉजिस्टिक ढांचे में सुधार व व्यापारिक वीजा प्रक्रिया को आसान बनाने जैसे सुझाव भी दिए।

### भारतीय दूत ने दिया पूर्ण सहयोग का आश्वासन

भारतीय राजदूत यतिन पटेल ने प्रस्तावों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत इन क्षेत्रों में सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच संयुक्त व्यापार प्रदर्शनी, विशेष व्यापारिक मंचों और व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों के आदान-प्रदान की योजना पर कार्य किया जा रहा है। बैठक के अंत में दोनों पक्षों ने व्यापार, निवेश और बुनियादी ढांचा विकास के क्षेत्रों में स्थायी सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।भारतीय राजदूत यतिन पटेल ने प्रस्तावों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत इन क्षेत्रों में सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच संयुक्त व्यापार प्रदर्शनी, विशेष व्यापारिक मंचों और व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों के आदान-प्रदान की योजना पर कार्य किया जा रहा है। बैठक के अंत में दोनों पक्षों ने व्यापार, निवेश और बुनियादी ढांचा विकास के क्षेत्रों में स्थायी सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।



# Gold Silver Price: सोना 1500 रुपये टूटा, 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम; चांदी 2000 रुपये फिसली

पश्चिम एशिया में बढ़ती अनिश्चितताओं के कारण दिल्ली में सोने की कीमतों में 1,500 रुपये की गिरावट आई, जिससे यह 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। चांदी भी 2,000 रुपये गिरकर 2.35 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और मुद्रास्फीति की चिंताएं इस गिरावट का मुख्य कारण हैं। देश की राजधानी दिल्ली में सोमवार को सोने की कीमतों में 1,500 रुपये की गिरावट दर्ज की गई। पश्चिम एशिया में बढ़ती अनिश्चितताओं के कारण यह 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। चांदी भी 2,000 रुपये गिरकर 2.35 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई।स्थानीय बाजार के व्यापारियों के अनुसार, 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना 1,500 रुपये घटकर 1,47,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। शुक्रवार को यह 1,48,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी भी 2,000 रुपये की गिरावट के साथ 2,35,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। पिछले सत्र में सफेद धातु 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।व्यापारियों ने बताया कि पश्चिम एशिया में नए सिरे से तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतें बढ़ गई हैं। इससे मुद्रास्फीति की चिंताएं बढ़ी हैं और अमेरिकी डॉलर मजबूत हुआ है। इन सभी कारकों ने कीमती धातुओं पर दबाव डाला है।



व्यापारियों ने बताया कि पश्चिम एशिया में नए सिरे से तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतें बढ़ गई हैं। इससे मुद्रास्फीति की चिंताएं बढ़ी हैं और अमेरिकी डॉलर मजबूत हुआ है। इन सभी कारकों ने कीमती धातुओं पर दबाव डाला है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोरी के कारण सोमवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई।सौमिल गांधी ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच हालिया तनाव बढ़ने से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में व्यवधान की चिंताएं बढ़ी हैं। इससे तीसरी तिमाही में तेल बाजार की स्थितियां और सख्त होने की आशंका है। मीराए एसेट शेयरखान के कमोडिटीज के प्रमुख प्रवीण सिंह ने बताया कि कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि से मुद्रास्फीति की चिंताएं बढ़ी हैं। इससे फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों को लंबे समय तक ऊंचा रखने की उम्मीदें भी बढ़ी हैं।





# Exports of India: अब सिर्फ ब्रांड इंडिया! विदेशों में इसी नाम से बिकेंगे भारतीय उत्पाद, इस पहल का मकसद क्या?

अब केवल ब्रांड इंडिया नाम से विदेशों में भारतीय सामान बिकेंगे। भारत सरकार इसके लिए एक नया फ्रेमवर्क तैयार करने जा रही है। इसके तहत निर्यात होने वाले सामानों को वैश्विक मानकों के अनुरूप पैकेजिंग एवं डिजइनिंग कर बाजार में उतारा जाएगा। असल में भारत को केवल वस्तु-निर्यातक से ब्रांड-निर्यातक में परिवर्तित करने की तैयारी की जा रही है। इसका मकसद अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भारत की सॉफ्ट पावर को सशक्त बनाना भी है। सरकार की नई योजना में नए फ्रेमवर्क व वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। इसके लिए वाणिज्य मंत्रालय ने एक नई योजना तैयार कर निर्यातकों व उद्यमियों से इस पर सुझाव भी मांगे हैं।

### दुनिया के बाजार में भारत को सशक्त बनाने की पहल

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, प्रथम बार निर्यात करने वालों, स्टार्ट-अप्स और निर्यात क्लस्टरों की वैश्विक बाजारों में भागीदारी बढ़ेगी। मूल्य-सृजन में होने वाली हानि को कम किया जाएगा। वैश्विक व्यापार के प्रीमियम वर्गों में भारत की स्थिति और मजबूत होगी। निर्यातकों और साझा ब्रांड परिसंपत्तियों का निर्माण होगा।

# Maritime Trade: विझिंजम बंदरगाह 18 अगस्त से निर्यात-आयात का पूर्ण परिचालन शुरू करेगा, जानिए इससे कैसे मिलेगा





केरल का विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह 18 अगस्त से पूर्ण निर्यात-आयात परिचालन शुरू करेगा, जिससे यह एक प्रमुख वैश्विक कार्गो प्रवेश द्वार बन जाएगा। यह कदम लॉजिस्टिक्स लागत कम करेगा और 'मिशन समुद्र' के तहत आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देगा। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। केरल सरकार ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह 18 अगस्त से पूर्ण निर्यात-आयात परिचालन शुरू करेगा। यह बंदरगाह अब एक ट्रांसशिपमेंट केंद्र से पूर्ण अंतरराष्ट्रीय कार्गो प्रवेश द्वार में बदल जाएगा। मुख्यमंत्री वी डी सतीशन पहले निर्यात कंटेनर को हरी झंडी दिखाएंगे। इस महत्वपूर्ण अवसर पर राज्य सरकार 'मिशन समुद्र' कारोबार शिखर सम्मेलन का आयोजन करेगी। यह शिखर सम्मेलन वैश्विक शिपिंग कंपनियों, लॉजिस्टिक्स कंपनियों, निर्यातकों, निवेशकों और उद्योग जगत के अग्रणी लोगों को एक साथ लाएगा। राज्य सरकार अपनी दीर्घकालिक समुद्री विकास पहल 'मिशन समुद्र' का भी आधिकारिक अनावरण करेगी। साथ ही, यह समुद्री-नेतृत्व वाली आर्थिक वृद्धि के लिए केरल का दृष्टिकोण प्रस्तुत करेगी।यह निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाएगा। इससे क्षेत्र में निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

### विझिंजम बंदरगाह कैसे बना एक वैश्विक केंद्र

केरल सरकार और अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत इस बंदरगाह को विकसित किया है। विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते कंटेनर बंदरगाहों में से एक के रूप में उभरा है। इसने वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने के केवल 18 महीनों के भीतर 20 लाख टीईयू संभाले हैं। बंदरगाह ने दुनिया के कुछ सबसे बड़े मदर शिप भी प्राप्त किए हैं। यह विझिंजम की विश्व स्तरीय समुद्री केंद्र के रूप में उत्कृष्ट क्षमता को दर्शाता है। निर्यात-आयात सेवाओं की शुरुआत राज्य सरकार की 100-दिवसीय कार्य योजना का हिस्सा है।

# Crude Supply: 23 साल के बाद खुलेगी 2003 से बंद पड़ी पाइपलाइन, 7 लाख बैरल तेल ले जाने की क्षमता; किसे फायदा



अमेरिका व ईरान के बीच जारी संघर्ष में बुरी तरह प्रभावित ओपेक सदस्य देश इराक ने होर्मुज जलडमरूमध्य का विकल्प तलाश लिया है। अब वह सीरिया के जरिये पूरी दुनिया को अपना तेल बेचेगा। इराक व सीरिया के बीच शुक्रवार को एक पुरानी तेल पाइपलाइन के पुनर्निर्माण के लिए समझौते पर हस्ताक्षर हुए। यह पाइपलाइन होर्मुज का विकल्प बनेगा।बगदाद और दमिश्क के बीच यह समझौता इराक में अमेरिकी निवेश से संबंधित है। समझौते पर बसरा ऑयल कंपनी के सीईओ बासेम अब्दुल करीम नस्र और सीरियन पेट्रोलियम कंपनी के सीईओ यूसुफ कबलावी ने हस्ताक्षर किए।

### क्या दुश्मन पड़ोसी देशों पर निर्भरता घटेगी

खास बात यह है कि समझौते से पहले वाशिंगटन में चैंबर ऑफ कॉमर्स की तरफ से एक सम्मेलन आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने की। राइट ने कहा, इराक में सुधार लाने, तेल उत्पादन बढ़ाने, दुश्मन पड़ोसी देशों पर निर्भरता कम करने और देश में आजादी, खुशहाली और भरपूर ऊर्जा लाने की बहुत गुंजाइश है।अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन के अनुसार, यह पाइपलाइन उत्तरी इराक के किरकुक से सीरिया के भूमध्य सागर तट तक जाती है। इसकी क्षमता रोजाना 7,00,000 बैरल तेल ले जाने की है। जिस पाइपलाइन की चर्चा हो रही ये करीब 23 साल से बंद है।

# Biz Updates: भारत और स्पेन के बीच डिजिटल भुगतान होगा

## कंबोडिया एयरवेज-कोमैक के बीच 12,740 करोड़ का समझौता





कमर्शियल एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन ऑफ चाइना (कोमैक) के अनुसार, कंबोडिया एयरवेज ने हाल ही में चीन के शांगहाई शहर में कोमैक के साथ 20 सी909 विमान खरीदने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। सी909 एक 90 सीटों वाला, अल्प और मध्यम दूरी का टर्बोफैन क्षेत्रीय जेट है, जिसे चीन ने स्वतंत्र रूप से विकसित किया है। यह मुख्य रूप से छोटे और मध्यम आकार के शहरों और प्रमुख हवाई अड्डों के बीच परिवहन के लिए उपयोग किया जाता है, और पहले ही इंडोनेशिया, लाओस और वियतनाम जैसे विदेशी बाजारों में इसका विस्तार हो चुका है। दोनों देशों या समझौते में शामिल पक्षों की तरफ से राशि का खुलासा नहीं किया गया है। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में अनुमान लगाया गया है कि समझौता हजारों करोड़ रुपये का है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जिस एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं वह करीब 1.52 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है। यानी 20 विमानों की एवज में कंबोडिया चीनी कंपनी को भारतीय करेंसी के हिसाब से 12,740 करोड़ रुपये से अधिक राशि का भुगतान करेगी। हालांकि, इस राशि के बारे में आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

भारत और स्पेन ने दोनों देशों के बीच डिजिटल भुगतान को आसान बनाने की दिशा में पहल की है। दोनों देश भारत की यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और स्पेन के बिजुम डिजिटल भुगतान मंच को आपस में जोड़ने के लिए तकनीकी स्तर पर बातचीत तेज करेंगे। इससे भविष्य में दोनों देशों के बीच भुगतान की प्रक्रिया अधिक सरल और तेज हो सकेगी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की हालिया स्पेन यात्रा के दौरान यह सहमति बनी। इससे पहले अक्तूबर 2024 में भारत दौरे पर आए स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने मुंबई में भगवान गणेश की प्रतिमा खरीदी थी। इसके लिए उन्होंने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का इस्तेमाल किया। आसानी से हुए इस लेनदेन के बाद सांचेज ने यूपीआई की सराहना की। उन्होंने कहा था कि भारत और यूरोपीय संघ एफटीए पर बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं।भारत और मालदीव के बीच मालदीव के समुदायों के विकास के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने के बाद दोनों मंत्रियों ने कहा कि भारत की इस मदद से मालदीव के लोगों के जीवन में बड़ा सकारात्मक बदलाव आएगा। मनोरंजन केंद्रों के लिए उपकरण उपलब्ध कराने को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

# बिना अनुमति सर्विस चार्ज वसूलने पर कार्रवाई: 41 रेस्तरां के खिलाफ CCPA का एक्शन, ग्राहकों को रिफंड का भी आदेश



केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने ग्राहकों के बिल में बिना अनुमति सर्विस चार्ज जोड़ने पर देशभर के 41 रेस्तरां के खिलाफ स्वत: संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू की है। चायोस समेत कई रेस्तरां पर जुर्माना लगाया गया है और प्रभावित ग्राहकों को राशि लौटाने का आदेश दिया गया है। CCPA ने स्पष्ट किया कि सर्विस चार्ज देना पूरी तरह ग्राहकों की इच्छा पर निर्भर है और इसे अनिवार्य रूप से वसूलना उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन है।रेस्तरां में ग्राहकों के बिल में बिना पूछे सर्विस चार्ज जोड़ने के मामले में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने सख्त कार्रवाई शुरू की है। प्राधिकरण ने देशभर के 41 रेस्तरां के खिलाफ स्वत: संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की है। सीसीपीए ने कहा कि ग्राहकों की सहमति के बिना सर्विस चार्ज वसूलना उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन और अनुचित व्यापारिक व्यवहार है।केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोशल मीडिया पर बताया कि सर्विस चार्ज पूरी तरह स्वैच्छिक (वैकल्पिक) है। इसे देना या नहीं देना पूरी तरह ग्राहक की इच्छा पर निर्भर करता है। किसी भी रेस्तरां को इसे बिल में अपने आप जोड़ने का अधिकार नहीं है। उन्होंने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले रेस्तरां पर जुर्माना लगाया गया है और उन्हें भविष्य में बिल में स्वत: सर्विस चार्ज जोड़ना बंद करने का निर्देश दिया गया है। सीसीपीए ने चायोस (सनशाइन टीहाउस प्राइवेट लिमिटेड) पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही कंपनी को प्रभावित ग्राहकों को वसूला गया सर्विस चार्ज वापस करने का आदेश दिया गया है। इसके अलावा चायोस को अपने सभी आउटलेट्स के सॉफ्टवेयर आधारित बिलिंग सिस्टम में बदलाव करने का निर्देश दिया गया है, ताकि आगे से बिल में अपने आप सर्विस चार्ज न जुड़ सके।यह कार्रवाई राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (NCH) पर मिली शिकायतों के आधार पर की गई। जांच के दौरान ग्राहकों के बिलों से पता चला कि कई रेस्तरां ने बिना किसी स्पष्ट सहमति के सर्विस चार्ज जोड़ दिया था।र है और 2022 में जारी सर्विस चार्ज संबंधी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन भी है।

## पति रवि दुबे को 'लक्ष्मण' बनते देख रो पड़ीं सरगुन मेहता

## 'रामायण' से जुड़ी पोस्ट की शेयर लिखा भावुक नोट



Sargun Mehta: सरगुन मेहता ने दिल्ली में लॉन्च हुए 'रामायण' के ट्रेलर की झलक पोस्ट कर इमोशनल नोट शेयर किया है। जानिए पोस्ट में क्या कुछ है खास। एक्ट्रेस सरगुन मेहता अपने पति रवि दुबे को नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में लक्ष्मण के किरदार में देखकर काफी भावुक हो गईं। इस फिल्म का ट्रेलर इस शनिवार दिल्ली में एक खास इवेंट में कुछ चुनिंदा लोगों को दिखाया गया, जहां फिल्म की टीम मौजूद थी और सरगुन भी रवि के साथ वहां पहुंची थीं।

**सरगुन ने लिखा इमोशनल नोट**

इवेंट की कुछ झलकियां शेयर करते हुए सरगुन ने बताया कि वह अपने पति की इस नई शुरुआत को देखकर खुद को संभाल नहीं पाईं और रोती रहीं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें और वीडियो शेयर करते हुए कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा का धन्यवाद किया, जिन्होंने रवि को लक्ष्मण के रोल के लिए चुना। सरगुन ने लिखा, 'मेरा दिल खुशी से भरा हुआ है। मैं रोना बंद नहीं कर पा रही हूं और अभी कुछ लिख भी नहीं पा रही हूं। 24 जुलाई 2026 को जब ट्रेलर दुनिया के सामने आएगा, उसका इंतजार है। हमें यहां तक लाने के लिए मुकेश छाबड़ा का बहुत-बहुत धन्यवाद। हमेशा आपका एहसान रहेगा। जय श्री राम।' सरगुन ने यह भी कहा कि यह पल रवि की मेहनत का नतीजा है। उन्होंने लिखा, 'हर सांस के साथ मैं भगवान का शुक्रिया अदा करती हूं। यह उनकी मेहनत का फल है।'

## नोरा फतेही से लेकर उर्वशी रौतेला तक

### फीफा विश्व कप 2026 में स्पेन की जीत पर सितारों ने दी बधाई

FIFA World Cup Final: फीफा विश्व कप 2026 का खिताब स्पेन ने अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर जीत लिया। कई सितारों ने स्पेन को शुभकामनाएं देते हुए पोस्ट साझा किया है। फीफा विश्व कप 2026 का मुकाबला अर्जेंटीना और स्पेन के बीच हुआ। स्पेन ने अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर खिताब जीत लिया है। कई सितारों ने इस जीत पर स्पेन को बधाई देते हुए पोस्ट साझा किया है।

**नोरा फतेही ने शेयर किया पोस्ट**

अभिनेत्री नोरा फतेही ने स्पेन की जीत पर अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें खिताब नाम करने वाले चैंपियन जीत का जश्न मनाते दिख रहे हैं। अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने भी अपनी इंस्टा स्टोरी पर पोस्ट साझा किया है। न्यूयॉर्क के मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए खिताबी



मुकाबले को देखने उर्वशी भी पहुंचीं। स्पने की जीत पर उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसके साथ लिखा है, 'स्पेन जीत गया'। खुशी से झूमीं रोशनी अभिनेत्री रोशनी वालिया ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर रिएक्शन दिया है। उन्होंने फीफा के फाइनल मुकाबले को घर पर तसल्ली से देखा। स्पेन की जीत पर वे खुशी से उछल पड़ीं और डांस करने लगीं। अभिनेत्री करीना कपूर खान ने भी फीफा वर्ल्ड कप फाइनल मुकाबले के बाद इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट साझा किया है। उन्होंने एक फोटो साझा की है, जिसमें विजेता टीम स्पेन के खिलाड़ी और अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी गले मिलते दिख रहे हैं। बता दें कि हार के बाद लियोनल मेसी मैदान पर भावुक हो गए

## Salman Khan: आधी रात सलमान खान ने किया पोस्ट फैंस से पूछा- आपकी तबियत कैसी है?



**Salman Khan: बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने रविवार देर रात एक पोस्ट शेयर की, जो अब चर्चाओं में आ गई है। जानिए क्या है पूरा मामला। एक्टर सलमान खान अगर देर रात कुछ पोस्ट करते हैं, तो उसके पीछे जरूर कुछ वजह होती है। वे अक्सर अपने इंस्टाग्राम और एक्स पर ऐसी पोस्ट शेयर किया करते हैं। अब हाल ही में उन्होंने कुछ ऐसा पोस्ट किया, जो काफी वायरल हो रहा है।**

**कैप्शन ने खींचा ध्यान**

**सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने उनकी कुछ तस्वीरें डालीं। इन तस्वीरों में एक्टर हैट लगाए ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरों में पोज देते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा सबसे ज्यादा जिस चीज ने ध्यान खींचा वो था उनका कैप्शन। उन्होंने कैप्शन में लिखा- 'आप लोगों की तबीयत कैसी है?' अब उनके कैप्शन को एक तंज के तौर पर लिया जा रहा है।**

**बीते दिनों वीडियो हुआ था वायरल**

**दरअसल बीते दिनों उनका एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें कई फैंस ने उनके लुक को देखकर उनकी तबीयत ठीक होने के सवाल पूछे थे। इसके अलावा कई पैपराजी पेज ने भी उस वीडियो पर उनकी तबीयत से जुड़ा कैप्शन लिखकर वीडियो शेयर किया था। अब सलमान खान का ये पोस्ट उन सभी बातों पर तंज की तरह देखा जा रहा है। हालांकि सलमान ने इस मामले पर सीधे तौर पर कोई बयान नहीं दिया है।**

**सलमान खान का वर्कफ्रंट**

**सलमान खान के काम की बात करें तो उनके पास फिल्म 'मातृभूमि' है। इसके लिए उन्होंने काफी मेहनत की है। अपने किरदार में ढलने के लिए उन्होंने सख्त ट्रेनिंग ली है। वह एक नई फिल्म में नयनतारा के साथ नजर आने वाले हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो सलमान खान जल्द ही फिल्म 'मातृभूमि: मे वॉर रेस्ट इन पीस' (Maatrubhumi) में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इसके अलावा वह दक्षिण भारतीय सिनेमा के प्रोजेक्ट्स को लेकर भी सुर्खियों में हैं। सलमान खान के इस सवालिया और स्टाइलिश पोस्ट पर फैंस जमकर रिएक्ट कर रहे हैं। जहां एक तरफ फैंस उनके इस चुटीले अंदाज की तारीफ कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ कमेंट बॉक्स में उनके स्वास्थ्य के लिए चिंता और दुआएं भी जता रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, "भाई, आप स्वस्थ रहें, यही सबसे जरूरी है।" वहीं दूसरे ने लिखा, "अगर आप ठीक हैं, तो हम सब भी ठीक हैं।" सलमान खान का यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसे फैंस और ट्रोल्स के उन सवालों पर एक तंज या करारा जवाब माना जा रहा है**

## मेरे देश के बच्चों पर हाथ मत उठाना

### CJP प्रदर्शन पर कविता कौशिक की दिल्ली पुलिस से भावुक अपील कही ये बात



Kavita Kaushik: टीवी एक्ट्रेस कविता कौशिक ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों का समर्थन किया है। यह प्रदर्शन कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के साथ मिलकर किया जा रहा है। कविता ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए दिल्ली पुलिस से अपील की कि वे संयम और इंसानियत के साथ पेश आएं। यह अपील उन्होंने तब की जब एक्टिविस्ट और शिक्षक सोनम वांगचुक को उनके अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के 20वें दिन प्रदर्शन स्थल से हटाया गया।

**दिल्ली पुलिस से की खास अपील**

वीडियो में कविता ने सीधे दिल्ली पुलिस से बात करते हुए कहा कि वे अपनी वर्दी से ऊपर उठकर सोचें। उन्होंने कहा कि पुलिसवालों के भी परिवार होते हैं- मां-बाप, बच्चे, भाई-बहन और अपने लोग। कविता ने कहा, 'दिल्ली पुलिस, आप लोगों से एक निवेदन करना था। एक बात है कि आप लोगों की भी तो फैमिलीज होंगी- मां-बाप, बच्चे, भाई-बहन, रिश्तेदार।' कविता ने आगे बताया कि छात्र क्यों सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने मेडिकल इमरजेंसी का उदाहरण देते हुए कहा कि हर परिवार चाहता है कि जरूरत के समय उन्हें एक अच्छा और असली डॉक्टर मिले, न कि कोई फर्जी। उन्होंने आगे कहा, 'तो कल को भगवान न करे उन्हें कोई मेडिकल इमरजेंसी हो और उन्हें कोई फर्जी डॉक्टर ना मिले, बल्कि एक अच्छा डॉक्टर उनकी जान बचा सके। इसलिए ये बच्चे प्रदर्शन कर रहे है

## Box Office: 3 दिन में 'द ओडिसी' ने पार किया 60 करोड़ का आंकड़ा 'धमाल 4' समेत बाकी फिल्मों ने की इतनी कमाई



Box Office Collection: हॉलीवुड फिल्म 'द ओडिसी' 17 तारीख को भारत के थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है। इसके अलावा भारत में इन दिनों अलग-अलग जॉनर की कई फिल्में थिएटर्स में लगी हुई है। जानिए इन फिल्मों ने शनिवार को कितनी कमाई की है। क्रिस्टोफर नोलन की मच अवेटेड फिल्म 'द ओडिसी' रिलीज हो चुकी है। इसके अलावा सिनेमाघरों में 'धमाल 4', 'अल्फा', 'ईविल डेड बर्न' और 'वेलकम टू द जंगल' जैसी फिल्में भी लगी हुई हैं। जानिए इन फिल्मों ने शनिवार को कितना कलेक्शन किया। मैट डेमन, टॉम हॉलैंड, एनी हैथवे, रॉबर्ट पैटिंसन, जेंडाया जैसे स्टार्स से सजी ये मच अवेटेड फिल्म भारत में शुक्रवार को रिलीज हुई। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की है। इसने शुक्रवार को 17.40 करोड़, वहीं दूसरे दिन शनिवार को 22 करोड़ की कमाई की। कल रविवार को इसने 21.90 करोड़ की कमाई की। इसके साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 61.30 करोड़ का हो गया है।

## Miss Teen Diva 2026

### ऐश्वर्या मलंग विजेता पहली बार पूर्वोत्तर की सुंदरी को खिताब

Miss Teen Diva 2026: जयपुर में आयोजित मिस टीन दिवा 2026 के फिनाले में मेघालय की ऐश्वर्या मलंग को 'मिस टीन अर्थ इंडिया 2026' का ताज पहनाया गया है। यह पहली बार है कि पूर्वोत्तर की सुंदरी को खिताब दिया गया है। 'मिस टीन अर्थ इंडिया 2026' का ताज मेघालय की ऐश्वर्या मलंग के सिर सजा है। ऐश्वर्या मलंग यह प्रतिष्ठित खिताब जीतने वाली नॉर्थ ईस्ट से पहली प्रतिभागी हैं। बता दें कि मिस टीन दिवा 2026 का ग्रैंड फिनाले जयपुर में आयोजित हुआ था। इंटरनेशनल स्टेज पर करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

इस जीत के साथ ऐश्वर्या 'मिस टीन अर्थ' के इंटरनेशनल स्टेज पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। ऐश्वर्या के अलावा स्निग्धा भुयान मिस टीन ग्रैंड इंडिया 2026 और प्रासुसी मिस टीन यूनिवर्स इंडिया 2026 बनी हैं। मिस टीन अर्थ इंडिया 2026 विनर ऐश्वर्या मलंग का कहना है, 'मुझे बहुत अच्छा लग रहा है, क्योंकि मैं हमेशा से मेघालय को रिप्रेजेंट करना चाहती थी'। उन्होंने आगे कहा, 'मैं बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं।



## इस वीक ओटीटी पर रहेगी बहार 'मुसाफिर कैफे' से आदर्श बाल विद्यालय' तक रिलीज होंगी ये फिल्में-सीरीज



OTT Releases This Week: नया वीक शुरू हो गया है। कई नई फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज होंगी। इसके साथ ही ओटीटी पर भी इस वीक काफी कुछ दिलचस्प होगा। जानिए क्या-क्या है पिटारे में? इन दिनों सिनेमाघरों में 'धमाल 4' से लेकर 'वेलकम टू द जंगल' और हॉलीवुड फिल्म 'द ओडिसी' लगी है। वहीं, इस हफ्ते 'द इंडिया स्टोरी' से लेकर 'दुल्हनिया ले आएगी' तक नई फिल्में भी थिएटर्स में रिलीज होंगी। इस बीच ओटीटी पर भी इस वीक कई अच्छे विकल्प मौजूद होंगे। जानिए इस वीक की ओटीटी लिस्ट में क्या है खास? विक्रांत मैसी, वेदिका पिंटो और महिमा मकवाना की 'मुसाफिर कैफे' इस वीक ओटीटी पर दस्तक देगी। यह सीरीज चंदर (विक्रांत मैसी) और सुधा (वेदिका पिंटो) और प्रीति (महिमा मकवाना) के इर्द-गिर्द है। यह रोमांटिक सीरीज 24 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। 'मुसाफिर कैफे' दिव्य प्रकाश दुबे के इसी नाम के उपन्यास पर आधारित है।

# Aaj Ka Rashifal 19 July

## कन्या और धनु राशि वालों के लिए बन रहे हैं तरक्की के योग जानें सभी 12 राशियों का हाल



**Rashifal 20 July 2026**: जानें मेष, कर्क, सिंह, कन्या, मकर और कुंभ राशि वालों के लिए करियर, कारोबार, धन, स्वास्थ्य, प्रेम और पारिवारिक जीवन से जुड़ी ज्योतिषीय भविष्यवाणियां।

**Aaj Ka Rashifal 20 July 2026**: 20 जुलाई 2026 का दिन ज्योतिषीय दृष्टि से विशेष महत्व रखता है। आज सूर्य देव पुनर्वसु नक्षत्र से निकलकर शनि के स्वामित्व वाले पुष्य नक्षत्र में प्रवेश कर रहे हैं, जहां वे 3 अगस्त तक विराजमान रहेंगे। वैदिक ज्योतिष में पुष्य नक्षत्र को शुभता, समृद्धि और उन्नति का प्रतीक माना जाता है। इसके साथ ही आज सप्तमी तिथि, हस्त नक्षत्र, शिव योग और बाद में सिद्ध योग का संयोग भी बन रहा है। वहीं चंद्रमा कन्या राशि और सूर्य कर्क राशि में स्थित हैं। ग्रह-नक्षत्रों की यह स्थिति सभी 12 राशियों के करियर, आर्थिक स्थिति, पारिवारिक जीवन, स्वास्थ्य और प्रेम संबंधों पर प्रभाव डाल सकती है। आइए जानते हैं आज का दैनिक राशिफल।

### मेष



आज का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा, लेकिन यही भागदौड़ आपको सफलता की नई दिशा भी दिखाएगी। कुछ बड़ा करने का उत्साह बना रहेगा, हालांकि जोखिम भरे फैसलों से दूरी बनाए रखना ही समझदारी होगी। भाई की सेहत को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है, इसलिए समय रहते ध्यान देना बेहतर रहेगा। यदि कहीं यात्रा का कार्यक्रम बना रहे हैं, तो माता-पिता का आशीर्वाद लेकर ही निकलें। सरकारी कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही परेशानी बढ़ा सकती है। निवेश से जुड़े फैसले पूरी जांच-पड़ताल के बाद ही लें।

### वृषभ



आज का दिन नई खुशियां लेकर आ सकता है। यदि लंबे समय से घर या प्रॉपर्टी खरीदने का सपना देख रहे थे, तो उसके पूरे होने के संकेत हैं। प्रेम जीवन में भी नई हलचल महसूस हो सकती है और अविवाहित लोगों की किसी खास व्यक्ति से मुलाकात होने की संभावना है। मन में चल रही उलझनों को नजरअंदाज न करें, बल्कि शांत मन से उनका समाधान खोजें। परिवार के साथ बिताया गया समय आपको सुकून देगा। किसी यात्रा या कार्यक्रम के दौरान ऐसी जानकारी मिल सकती है, जो भविष्य में आपके लिए बेहद लाभदायक साबित होगी।

### मिथुन



आज छोटे-छोटे प्रयास आपको बड़ी सफलता की ओर ले जा सकते हैं। भाग्य का पूरा साथ मिलेगा, लेकिन मेहनत में कोई कमी न आने दें। जरूरत पड़ने पर किसी से मदद मांगने में संकोच न करें, क्योंकि आपको पूरा सहयोग मिलेगा। दूसरों की सहायता करने की भावना आपके व्यक्तित्व को और निखारेगी। अपनी प्राथमिकताओं को सही ढंग से तय करेंगे, तो दिन और भी सफल रहेगा। माता-पिता का आशीर्वाद आपके रुके हुए कार्यों को पूरा कराने में मददगार साबित होगा।

### कर्क



आज का दिन राहत और सफलता लेकर आ सकता है। यदि कोई कानूनी मामला चल रहा है, तो उसमें आपके पक्ष में परिणाम आने की संभावना है। मन की कोई पुरानी इच्छा पूरी होने से खुशी दोगुनी हो जाएगी। परिवार में विवाह या किसी शुभ कार्य की चर्चा से घर का माहौल उत्सव जैसा रहेगा। विचारों का मतभेद हो सकता है, लेकिन धैर्य और समझदारी से बात रखने पर हर समस्या का समाधान निकल आएगा। गुस्से पर नियंत्रण रखना आज बेहद जरूरी रहेगा।

### कन्या



आज किस्मत आपके पक्ष में दिखाई दे रही है और तरक्की के नए अवसर आपके सामने आ सकते हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई में शानदार सफलता मिलने के संकेत हैं। घर की सुख-सुविधाओं पर खर्च बढ़ सकता है, जिससे परिवार का माहौल और आरामदायक बनेगा। भाई-बहनों के साथ किसी बात पर बहस हो सकती है, इसलिए धैर्य बनाए रखें। व्यापार में पूरी सतर्कता बरतें और किसी अजनबी के साथ लेन-देन करने से बचें, क्योंकि धोखे की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### सिंह



आज आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। आय और खर्च के बीच सही तालमेल बनाकर चलेंगे, तो भविष्य सुरक्षित रहेगा। स्वास्थ्य में हल्का उतार-चढ़ाव महसूस हो सकता है, इसलिए खुद पर ध्यान दें। किसी भी काम में लापरवाही आपकी मेहनत पर असर डाल सकती है। परिवार में विवाह से जुड़ी कोई अड़चन दूर होने से खुशी का माहौल बनेगा। घर की मरम्मत या रिनोवेशन का विचार भी मन में आ सकता है। यदि किसी निर्णय को लेकर मन में संदेह है, तो फिलहाल उसे टाल देना बेहतर रहेगा।

### तुला



आज का दिन खुशियों और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेगा। पुराने विरोधी भी आज आपके प्रति नरम रुख अपना सकते हैं। परिवार में किसी नए सदस्य के आने की खुशखबरी माहौल को और भी आनंदमय बना देगी। रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा और किसी करीबी मित्र की सलाह आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। नया वाहन खरीदने का विचार भी मन में आ सकता है। हालांकि सेहत को लेकर लापरवाही बिल्कुल न करें।

### वृश्चिक



आज कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी और काम को लेकर संतुष्टि महसूस होगी। यात्रा के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है, जो आगे चलकर आपके लिए लाभदायक साबित होगी। विदेश से जुड़े व्यापार में सावधानी बरतने की जरूरत है। माताजी आपको कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप सकती हैं, जिसे आप पूरी निष्ठा से निभाएंगे। परिवार के साथ बिताया गया समय मानसिक शांति देगा। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान मिलने के संकेत हैं।

### धनु



आज अचानक मिलने वाला कोई लाभ आपका दिन खास बना सकता है। संपत्ति या पुराने निवेश से अच्छा फायदा मिलने की संभावना है। नए अवसरों को अपनाने की कोशिश करेंगे, लेकिन जल्दबाजी से बचना जरूरी होगा। कामकाज में बदलाव सोच-समझकर करें, क्योंकि यही भविष्य की सफलता की नींव बनेगा। कोई बड़ा लक्ष्य पूरा होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। परिवार में प्रेम और अपनापन बना रहेगा।

### मकर



आज धैर्य और संयम आपकी सबसे बड़ी ताकत साबित होंगे। छोटे बच्चों के साथ बिताया गया समय आपको सुकून और खुशी देगा। यदि पैतृक संपत्ति को लेकर कोई विवाद चल रहा था, तो उसमें समाधान मिलने के संकेत हैं। नया काम शुरू करने का विचार आगे बढ़ सकता है। प्रेम संबंधों में छोटी-मोटी गलतफहमियों से बचने के लिए सोच-समझकर बोलें। गुस्से पर नियंत्रण रखेंगे, तो रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी।

### कुंभ



आज आर्थिक स्थिति मजबूत होने के संकेत हैं। कोई सुखद समाचार आपके चेहरे पर मुस्कान ला सकता है, खासकर अविवाहित लोगों के लिए दिन शुभ रहेगा। माता-पिता के सहयोग और आशीर्वाद से रुके हुए कार्य पूरे होंगे। प्रेम और सहयोग की भावना रिश्तों को मजबूत बनाएगी। दिखावे में आकर खर्च करने से बचें। संतान की पढ़ाई को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। वाहन चलाते समय सावधानी रखें, क्योंकि अचानक खर्च बढ़ने की संभावना है।

### मीन



आज का दिन सम्मान, उपलब्धि और सफलता लेकर आ सकता है। कार्यक्षेत्र में आपके काम की सराहना होगी और किसी पुरस्कार या नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। बड़ों की सलाह आपके लिए सही मार्गदर्शन साबित होगी। यदि स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या परेशान कर रही है, तो समय रहते डॉक्टर से सलाह लें। पुराने कर्ज को चुकाने की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। परिवार के साथ बिताया गया समय आपको मानसिक सुकून देगा और मनोरंजन पर भी खुलकर खर्च करने का अवसर मिलेगा।

# Aaj Ka Love Rashifal

## Aaj Ka Love Rashifal: कर्क और मीन राशि वालों के प्रेम संबंध होंगे मजबूत, पढ़ें सभी 12 राशियों का लव राशिफल




**Love Rashifal 20 July**: पढ़ें 20 जुलाई का दैनिक लव राशिफल और जानें प्रेम एवं वैवाहिक जीवन के लिहाज से आज का दिन आपके लिए क्या संकेत लेकर आया है।

**Love Rashifal 20 July 2026**: 20 जुलाई 2026 का दिन प्रेम संबंधों के लिहाज से खास माना जा रहा है। आज सूर्य देव पुष्य नक्षत्र में प्रवेश कर रहे हैं, जिसे वैदिक ज्योतिष में शुभ और मंगलकारी नक्षत्र माना जाता है। वहीं सप्तमी तिथि, हस्त नक्षत्र, शिव योग और बाद में सिद्ध योग का संयोग भी बन रहा है। ग्रह-नक्षत्रों की यह स्थिति कई राशियों के प्रेम जीवन, वैवाहिक संबंधों और भावनात्मक रिश्तों पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। आइए जानते हैं 20 जुलाई 2026 का लव राशिफल और कैसा रहेगा सभी 12 राशियों का प्रेम जीवन।

# Aaj Ka Ank Jyotish

## Aaj Ka Ank Jyotish 20 July: मूलांक 6 और 9 वालों के लिए बन रहे हैं लाभ के योग, पढ़ें दैनिक अंक ज्योतिषफल




**Numerology Prediction 20 July 2026**: आज का दिन आपके लिए कैसा रहेगा ? जानें मूलांक 1 से 9 तक के लोगों का दैनिक भविष्यफल।

**Ank Jyotish 20 July 2026**: अंक ज्योतिष के अनुसार 20 जुलाई 2026 का दिन नई शुरुआत, आत्मविश्वास और योजनाओं को अमल में लाने के लिए अनुकूल रह सकता है। आज की तारीख का योग (2+0+0+7+2+0+2+6 = 19, 1+9 = 10, 1+0 = 1) होने से आज का भाग्यांक 1 रहेगा। अंक 1 का स्वामी सूर्य माना जाता है, जो नेतृत्व क्षमता, आत्मबल, सफलता और नए अवसरों का कारक है। आज का दिन करियर, व्यापार और व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण फैसले लेने के लिए अच्छा माना जा सकता है। हालांकि किसी भी कार्य में जल्दबाजी या अहंकार से बचना जरूरी होगा। रिश्तों में संवाद बनाए रखने और धैर्य से काम लेने पर बेहतर परिणाम मिलेंगे। आइए जानते हैं अंक ज्योतिष के अनुसार 20 जुलाई 2026 का दिन मूलांक 1 से 9 तक के जातकों के लिए कैसा रहने वाला है।

# Weekly Lucky Horoscope

## इस सप्ताह इन 4 राशियों की चमकेगी किस्मत, तरक्की और लाभ के बनेंगे योग




**Weekly Lucky Horoscope July 19 to 25 2026**: ज्योतिषीय दृष्टि से यह सप्ताह कुछ राशि वालों के लिए काफी लाभकारी और शुभ रहने वाला है।

**Weekly Lucky Horoscope July 19 to 25 2026**: ज्योतिषियों के अनुसार, यह सप्ताह कुछ राशि वालों के लिए बेहद लाभकारी रहने वाला है। ग्रहों की अनुकूल स्थिति के कारण इन जातकों को विशेष लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। करियर और व्यापार में सफलता के साथ आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो सकती है। वहीं, रुके हुए कार्य पूरे होने और मान-सम्मान में वृद्धि के संकेत हैं। आइए जानते हैं इस सप्ताह किन राशियों पर किस्मत मेहरबान रहने वाली है।

**मेष राशि** के जातकों के लिए यह सप्ताह फलदायी कहा जाएगा। पिछले कुछ समय से चली आ रही परेशानियों से थोड़ी राहत मिलने की संभावना है। इस दौरान उनके अटके हुए कार्यों में प्रगति होती नजर आएगी और महत्वपूर्ण योजनाएं आगे बढ़ेंगी। प्रेम संबंधों में मधुरता और बेहतरीन आपसी समझ बनी रहेगी। धार्मिक या मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिल सकता है। शत्रु पक्ष और विरोधियों की चालें नाकाम होंगी, जिससे आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कर्क राशि** के जातकों के लिए यह सप्ताह अत्यंत शुभ साबित होगा। शत्रुओं को परास्त करने में सफलता मिलेगी और लंबे समय से चली आ रही कई परेशानियां दूर हो सकती हैं। पैतृक संपत्ति की प्राप्ति में आ रही अड़चनें समाप्त होने के योग हैं। पिता की ओर से विशेष सहयोग और समर्थन मिलेगा। इस दौरान आप पर घर के बुजुर्गों का विशेष आशीर्वाद बना रहेगा, जिससे कई महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक पूरे होंगे।

# IND Vs ENG: 2019 के बाद भारत के खिलाफ इंग्लैंड ने जीती पहली ODI सीरीज बटलर की पारी ने किस तरह पैदा किया अंतर?




India vs England (IND vs ENG) Highlights: भारतीय टीम को तीसरे वनडे मैच में हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड ने इस तरह तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम की। भारत भले ही सीरीज अपने नाम करने में सफल नहीं रहा, लेकिन रोहित शर्मा ने लॉर्ड्स में ऐतिहासिक शतक लगाया। रोहित शर्मा की शानदार शतकीय पारी के बावजूद इंग्लैंड ने तीसरे वनडे में भारत को 27 रनों से हरा दिया। इंग्लैंड ने इस तरह तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। इंग्लैंड ने इससे पहले पांच मैचों की टी20 सीरीज में भी भारत को 4-0 से हराया था और अब वनडे में भी अपना दबदबा दिखाया। इंग्लैंड ने 2019 के बाद पहली बार भारत के खिलाफ वनडे सीरीज अपने नाम की है। रविवार को लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने 50 ओवर में तीन विकेट पर 387 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम निर्धारित ओवरों में सात विकेट पर 360 रन ही बना सकी। भारत के लिए रोहित शर्मा ने शानदार शतकीय पारी खेली, जबकि शुभमन गिल और विराट कोहली ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। लक्ष्य इतना बड़ा था कि तीन बल्लेबाजों की शानदार पारियों के बावजूद भारतीय टीम ये मैच अपने नाम नहीं कर सकी।

**रोहित-गिल की शानदार साझेदारी**

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत के लिए रोहित और कप्तान शुभमन गिल ने पारी का आगाज किया। इन दोनों बल्लेबाजों ने टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 147 रनों की साझेदारी की। ये भारत के लिए लॉर्ड्स में वनडे में की गई दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। गिल हालांकि, अपना विकेट गंवा बैठे और 77 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद रोहित ने विराट कोहली के साथ पारी को आगे बढ़ाया। रोहित ने तेजी से खेलते हुए 84 गेंदों पर शतक पूरा किया। रोहित लॉर्ड्स में वनडे शतक लगाने के वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने रोहित ने 39 साल और 80 दिन की उम्र में ऐसा किया है। इतना ही नहीं रोहित सभी प्रारूप मिलाकर भारत के लिए शतक लगाने वाले सबसे उम्रदराज बल्लेबाज हैं। जैकब बेथेल ने हालांकि, रोहित को अपना शिकार बनाया जो 110 गेंदों पर 17 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 138 रन बनाकर आउट हुए।

**कोहली के आउट होते ही हाथ से निकला मैच**

भारत को गिल और रोहित ने अच्छी शुरुआत दिलाई थी और पहला विकेट गिरने के बाद कोहली ने भी रोहित के साथ मिलकर मोर्चा संभाले रखा था। रोहित और कोहली के बीच दूसरे विकेट के लिए 113 रनों की साझेदारी हुई जिसे बेथेल ने तोड़ा। कोहली हालांकि, डटे रहे और उन्होंने अर्धशतक पूरा किया। लॉर्ड्स में कोहली का यह पहला पचासा था। भारत को ईशान किशन के रूप में तीसरा झटका लगा जो 14 रन बनाकर आउट हुए और फिर तुरंत ही श्रेयस अय्यर खाता खोले बिना पवेलियन लौटे। कोहली टिके थे तो भारत की उम्मीदें बंधी हुई थी। लेकिन सैम करन ने विराट को आउट कर भारत को पांचवां झटका दिया। कोहली 60 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 74 रन बनाकर आउट हुए। यहां से भारत के हाथ से मैच निकल गया क्योंकि केएल राहुल और अक्षर पटेल भी सस्ते में आउट होकर पवेलियन लौट गए। इंग्लैंड के लिए करन ने चार विकेट झटके, जबकि आदिल राशिद, जोफ्रा आर्चर और जैकब बेथेल को एक-एक विकेट मिला।

**इंग्लैंड ने बनाया लॉर्ड्स का सर्वोच्च स्कोर**

इससे पहले, इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में वनडे का सर्वोच्च स्कोर बनाया। इंग्लैंड के लिए बेन डकेट ने शतक लगाया, जबकि जैकब बेथेल और जो रूट ने अर्धशतकीय पारी खेली। जोस बटलर 13 गेंदों पर चार चौकों तीन छक्कों की मदद से नाबाद 41 रन बनाए। बटलर की इस पारी ने ही अंत में अंतर पैदा किया। भारत लक्ष्य हासिल करने के करीब पहुंच गया था, लेकिन बटलर के दम पर इंग्लैंड ने विशाल स्कोर बनाया जिसे भारत चेज नहीं कर सका। इंग्लैंड की ओर से डकेट ने सबसे ज्यादा 135 गेंदों पर 18 चौकों और एक छक्के की मदद से 141 रन बनाए। वहीं, बेथेल ने 91 और रूट ने 48 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से नाबाद 74 रन बनाए। भारत की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा को दो और प्रिंस यादव को एक विकेट मिला।



# Sir Garry Sobers Died

## कोहली बोले- आने वाली पीढ़ियां रखेंगी याद



क्रिकेट जगत के महानतम ऑलराउंडरों में शुमार वेस्टइंडीज के दिग्गज सर गारफील्ड सोबर्स के निधन पर सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली ने गहरा दुख व्यक्त किया है। सचिन ने सोबर्स के साथ बिताए गए पलों को याद किया है, जबकि कोहली का कहना है कि सोबर्स ने अपने करियर में जो कुछ हासिल किया जो आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी। सोबर्स का 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। उन्होंने अपने करियर में बल्लेबाजी, तेज और स्पिन गेंदबाजी और बेहतरीन फील्डिंग से क्रिकेट को नई पहचान दी।28 जुलाई को सोबर्स का 90वां जन्मदिन था, लेकिन उससे पहले ही उनका निधन हो गया। सर गारफील्ड सोबर्स ने वेस्टइंडीज के लिए 93 टेस्ट मैच खेले। इस दौरान उन्होंने 160 पारियों में 8,032 रन बनाए। उनका बल्लेबाजी औसत 57.78

**वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर सर गारफील्ड सोबर्स के निधन पर सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली ने गहरा दुख व्यक्त किया है। सचिन ने सोबर्स के साथ अपनी आखिरी मुलाकात को याद किया।**

रहा, जो उनके दौर के हिसाब से असाधारण माना जाता है। उन्होंने अपने करियर में 26 शतक, 30 अर्धशतक, दो दोहरे शतक और एक तिहरा शतक लगाया। उनका सर्वोच्च स्कोर 365 रन* रहा, जो उस समय टेस्ट क्रिकेट का विश्व रिकॉर्ड था और कई वर्षों तक कायम रहा। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 235 विकेट लिए। उनका गेंदबाजी औसत 34.04 और इकोनॉमी 2.33 रही। सोबर्स ने अपने करियर में सिर्फ एक वनडे मैच खेला। इसमें उन्होंने कोई रन नहीं बनाया

रहा, जो उनके दौर के हिसाब से असाधारण माना जाता है। उन्होंने अपने करियर में 26 शतक, 30 अर्धशतक, दो दोहरे शतक और एक तिहरा शतक लगाया। उनका सर्वोच्च स्कोर 365 रन* रहा, जो उस समय टेस्ट क्रिकेट का विश्व रिकॉर्ड था और कई वर्षों तक कायम रहा। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 235 विकेट लिए। उनका गेंदबाजी औसत 34.04 और इकोनॉमी 2.33 रही। सोबर्स ने अपने करियर में सिर्फ एक वनडे मैच खेला। इसमें उन्होंने कोई रन नहीं बनाया



# IND vs ENG: कोहली-अय्यर के अर्धशतक पड़े फीके

## रूट ने इंग्लैंड को दिलाई शानदार जीत सीरीज 1-1 की बराबरी पर

जो रूट की नाबाद 99 रन की शानदार पारी की बदौलत इंग्लैंड ने दूसरे वनडे में भारत को चार विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। भारत की ओर से विराट कोहली (65) और श्रेयस अय्यर (66) ने अर्धशतक लगाए, लेकिन रोहित शर्मा की खराब फॉर्म और मध्यक्रम के बिखरने से टीम सिर्फ 233 रन ही बना सकी। जो रूट की शानदार नाबाद 99 रन की पारी के दम पर इंग्लैंड ने गुरुवार को कार्डिफ के सोफिया गार्डन्स में खेले गए दूसरे वनडे में भारत को चार विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ तीन मैचों की वनडे सीरीज 1-1 से बराबर हो गई। अब सीरीज का फैसला रविवार को लॉर्ड्स में खेले जाने वाले तीसरे और अंतिम मुकाबले में होगा। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 44 ओवर में 233 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड ने 44.1 ओवर में छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। 234 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। जसप्रीत बुमराह ने बेन डकेट को जल्दी आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने जैकब बेथल को चलता किया। हैरी ब्रूक भी सिर्फ 16 रन बनाकर गुरनूर बराड़ का शिकार बने। एक समय इंग्लैंड का स्कोर 125/5 था, लेकिन अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने संयम के साथ पारी को संभाला। उन्होंने विल जैक्स (30) के साथ छठे विकेट के लिए 72 रन की अहम साझेदारी की और टीम को जीत तक पहुंचाया। रूट ने 133 गेंदों में नाबाद 99 रन बनाए। वह शतक से सिर्फ एक रन दूर रह गए, लेकिन गस एटकिंसन ने विजयी चौका लगाकर मैच खत्म कर दिया।



लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।
आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।
– सम्पादक

# Rohit Sharma: लॉर्ड्स वनडे के बाद खत्म हो जाएगा रोहित का करियर?

## वनडे विश्व कप में चयन को लेकर मिले बड़े संकेत

इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में खेला जाने वाला तीसरा वनडे रोहित शर्मा के अंतरराष्ट्रीय करियर का आखिरी मैच हो सकता है। चयनकर्ता अब 2027 वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए यशस्वी जायसवाल जैसे युवा खिलाड़ियों को मौका देने के पक्ष में हैं, हालांकि रोहित के भविष्य पर अभी कोई आधिकारिक फैसला नहीं हुआ है। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का अंतरराष्ट्रीय करियर अब अंतिम दौर में पहुंचता दिख रहा है। समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को लॉर्ड्स में खेला जाने वाला तीसरा वनडे रोहित शर्मा के अंतराष्ट्रीय करियर का आखिरी मुकाबला हो सकता है। भारतीय चयन समिति मौजूदा इंग्लैंड दौरे के बाद उन्हें वनडे टीम में आगे मौका देने के पक्ष में नहीं दिख रही है।

चयनकर्ताओं की नजर भविष्य पर

पीटीआई के अनुसार, चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर इस समय इंग्लैंड दौरे पर टीम के साथ मौजूद हैं। सूत्रों का कहना है कि चयनकर्ता अब 2027 वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए युवा खिलाड़ियों को तैयार करना चाहते हैं। इसी वजह से 39 वर्षीय रोहित शर्मा को आगे की योजनाओं में शामिल किए जाने की संभावना कम है। एक वरिष्ठ बीसीसीआई सूत्र ने कहा, 'चयनकर्ता यशस्वी जायसवाल को लगातार मौके देना चाहते हैं। उन्होंने तीन पारियों में दो शतक लगाए हैं और टीम प्रबंधन चाहता है कि आगामी लगभग 20 वनडे मैचों में उन्हें पर्याप्त अवसर मिलें।' सूत्र ने यह भी कहा, 'कोई भी रोहित शर्मा से संन्यास लेने के लिए नहीं कह सकता, लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाफ सितंबर में होने वाली घरेलू वनडे सीरीज से चयनकर्ता भविष्य की टीम तैयार करना चाहते हैं।

**रोहित के हालिया प्रदर्शन पर सवाल**

रोहित शर्मा का हालिया वनडे प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा है। पिछले आठ वनडे मैचों में उन्होंने 241 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 30.1 और स्ट्राइक रेट 88.6 रहा है, जबकि उनके बल्ले से सिर्फ एक अर्धशतक निकला है पीटीआई के अनुसार, मुख्य कोच गौतम गंभीर और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर विराट कोहली को लेकर एकमत हैं। उनकी मौजूदा फॉर्म और फिटनेस को देखते हुए कोहली वनडे टीम में स्वत: चयन के दावेदार बने हुए हैं।रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के समय भी चयन समिति और उनके बीच पूरी तरह सहमति नहीं थी।

रोहित शर्मा का हालिया वनडे प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा है। पिछले आठ वनडे मैचों में उन्होंने 241 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 30.1 और स्ट्राइक रेट 88.6 रहा है, जबकि उनके बल्ले से सिर्फ एक अर्धशतक निकला है पीटीआई के अनुसार, मुख्य कोच गौतम गंभीर और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर विराट कोहली को लेकर एकमत हैं। उनकी मौजूदा फॉर्म और फिटनेस को देखते हुए कोहली वनडे टीम में स्वत: चयन के दावेदार बने हुए हैं।रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के समय भी चयन समिति और उनके बीच पूरी तरह सहमति नहीं थी।



R.N.I. No.
UPHIN/25/A4228
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक
निर्भय कुमार सेंगर
के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,
बी-9, गायत्री भवन,
विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,
रामघाट रोड, अलीगढ़
(उ.प्र.) से प्रकाशित।
मो. 9454428661
प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)
Email:planetnewsindia776
@gmail.com

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300













